CMYK



दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 31 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 20 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

## प्रदेश की सड़कें होंगी चकाचक, पत्नी के साथ संपत्ति खरीद पर घटाई स्टांप ड्यूटी, पीएम सम्मान निधि की बढ़ाई राशि

## बजट राजस्थान, हर वर्ग का रखा ध्यान

# युवाओं को नौकरी, किसानों को ऋण, मुफ्त बिजली और महिलाओं को लखपति



जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। भजनलाल सरकार का दूसरा बजट बुधवार को उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने पेश कर राहतों का श्रीगणेश किया। ढेरों सोगाते, राहत का पिटारा, कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी, विकास का पैमाना, विकसित राजस्थान के सपनों को साकार करने की दिशा में यह बजट कारगर सिद्व होगा। प्रदेश की भाजपा सरकार का दूसरा पूर्ण बजट बुधवार को वित्त मंत्री के रूप में दिया कुमारी ने पेश किया। बजट के दौरान दीया कुमारी ने हर सेक्टर को राहत देने का प्रयास किया। यूं तो हर व्यक्ति बजट में ज्यादा से ज्यादा राहत और सुविधाओं की उम्मीद करते हैं लेकिन युवा, महिलाएं और किसान ये बड़े वर्ग हैं। इनको बजट से ज्यादा अपेक्षाएं होती है। डिप्टी सीएम ने इन तीनों वर्गों के लिए बजट घोषणाओं में कोई कंजूसी नहीं की। हर वर्ग को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का ऐलान किया गया है।

## बजट घोषणा के प्रमुख अंश एक नजर में

जयपुर मेट्रो का नया फेज शुरू होगा, 500 नई बसें भी। परिवहन को गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़े एलान किए हैं। इसी क्रम में जयपुर में मेट्रो के नए फेज की घोषणा भी की गई है। जैसलमेर, झालावाड़, डूंगरपुर, बालोतरा, सहित 15 शहरों में हैवी ट्रैफिक से राहत देने के लिए रिंग रोड विस्तार किए जाना प्रस्तावित है।

जयपुर का बीआरटीएस हटाया जाएगा। इसके साथ ही जयपुर में सड़कों के लिए 250 करोड़ रुपए अलग से खर्च किए जाएंगे। साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी 500 बसें मिलेंगी।

राजस्थान में 9 एक्सप्रेस वें बनाने का एलान, युवाओं के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को देखते हुए युवा साथी केंद्र स्थापित किए जाने का एलान, वहीं मां नेत्र वाउचर योजना लागू किए जाने की घोषणा 75 करोड़ रुपये होंगे खर्च।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को मिलेगा दूध

आंगनबाड़ी के बच्चों को तीन से बढ़कर 5 दिन तक दिया जाएगा दूध, अन्नपूर्णा भंडार खोले जाने प्रस्तावित, 200 करोड़ से अधिक का आएगा भार

किसानों के लिए प्रदेश सरकार ने बढ़ी योजनाओं की घोषणा की। पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को आगामी साल से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने का एलान किया गया है। राजस्थान में अब अग्निवीरों को फायर सर्विसेज में भी आरक्षण मिलेगा।

इस बजट में ग्रीन डेवलपमेंट पर खास फोकस किया गया है। इसी दिशा में राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में फारेस्ट डेवलपमेंट के लिए 27,854 करोड़ के ग्रीन बजट की घोषणा की। इसके तहत 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

राजस्थान में जिला स्तर पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने की भी बजट में बात कही गई थी। इसके लिए सरकार 35 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

साथ छात्रों के बढ़ते सुसाइड रोकने के लिए दिया कुमारी ने युवा साथी केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। ये केंद्र तनाव के कारण युवाओं के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को नियंतित करने में भूमिका निभाएंगे।

राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'लखपति दीदी' योजना का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख तक का लोन दिया जाएगा, जो पहले 2.5 प्रतिशत था।

### पत्नी के साथ प्रॉपर्टी खरीदना सस्ता, 30 हजार से ज्यादा का फायदा

50 लाख तक की प्रॉपर्टी पत्नी के साथ मिलकर खरीदना अब सस्ता होगा। क्योंकि अब स्टाम्प ड्यूटी आधा फीसदी कम लगेगी। सरकारी डीएलसी निर्धारण के हिसाब से 50 लाख रुपए तक की प्रॉपर्टी खरीदने पर पहले 6 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी (शहरी क्षेत्र) के हिसाब से 3 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी चुकानी पड़ रही थी। अब इसमें पति और पत्नी के कंबाइंड नाम से इसी प्रॉपर्टी खरीदने पर आधा फीसदी स्टाम्प ड्यूटी के हिसाब से 25 हजार रुपए से ज्यादा का फायदा मिलेगा। पहले जहां 50 लाख की प्रॉपर्टी पर कुल स्टाम्प ड्यूटी 3 लाख रुपए चुकानी पड़ रही थी, वह अब घटकर 2 लाख 75 हजार रुपए रह जाएगी।

साथ ही स्टाम्प ड्यूटी पर लगने वाली 30 प्रतिशत सरचार्ज राशि भी कम लगेगी। पहले 50 लाख की वेल्यू के हिसाब से 3 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी पर 30 प्रतिशत के हिसाब से 90 हजार रुपए सरचार्ज लगता था। वो अब 3 लाख की बजाय 2 लाख 75 हजार रुपए के हिसाब से काउंट होगा। सरचार्ज राशि 82 हजार 500 रुपए ही लगेगी। ऐसे में 50 लाख रुपए तक की कंबाइंड प्रॉपर्टी खरीदने पर पति-पत्नी को 7500 रुपए का अतिरिक्त फायदा सरचार्ज में भी मिल सकेगा। वहीं कुल मिलाकर फायदा 32 हजार 500 का होगा।

### पावर ऑफ अटॉर्नी के लिए परिजनों का बढ़ाया दायरा:

बजट में परिवार के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी करने के मामलों में अब स्टाम्प ड्यूटी में छूट के लाभ का दायरा बढ़ाते हुए पुत्रवधु, नातिन और नाती को भी ये लाभ देने का एलान किया गया है। पहले परिवार में ही पत्नी, बेटे-बेटी, पोता-पोती के नाम पर पॉवर ऑफ अटॉर्नी करने पर अधिकतम 2 हजार रुपए स्टाम्प ड्यूटी लगती थी। पुत्रवधु, नाती-नातिन इस दायरे में नहीं आते थे।

### खनन के लिए क्वारी लाइसेंस लेना हुआ सस्ता, फीस घटाई:

बजट में सस्ता करने की घोषणा में यह भी शामिल है। अब माइनिंग उद्योग में खनन पट्टाधारकों को क्वारी लाइसेंस सस्ता किया गया है। इसकी फीस 5 हजार रुपए से कम करते हुए 3 हजार रुपए करने का ऐलान किया गया है। खनन करने के लिए जमीन के लाइसेंस को क्वारी लाइसेंस कहते हैं, यह खान विभाग जारी करता है।

### मुफ्त बिजली 100 से बढ़कर 150 यूनिट:

मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली बिल योजना के लाभार्थियों को अब 100 यूनिट प्रति माह की जगह 150 यूनिट तक मुफ्त बिजली की घोषणा की गई है। एक्सपर्ट की मानें तो अभी ये घोषणा कंडीशनल लग रही है। बजट घोषणा के अनुसार पीएम सूर्यघर योजना के तहत छतों पर सोलर लगाने वाले उपभोक्ताओं को ही 150 यूनिट प्रतिमाह तक का बिजली उपभोग फ्री किया जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना से जुड़े सोलर पैनल वाले उपभोक्ताओं को यह कंडीशनल फायदा मिल पाएगा।

### लखपति दीदी को मिलने वाला लोन सस्ता:

राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के साथ ही लाभान्वित महिलाओं को मिलने वाले लोन को भी सस्ता करने की घोषणा की गई है। पहले एक लाख रुपए पर 2.5 प्रतिशत ब्याज वसूला जाता था। अब इसे घटाकर 1.5 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इसके लिए 3 लाख महिलाओं का टारगेट रखा गया है।

### 5 हजार अन्नपूर्णा भंडार पर मिलेंगे सस्ते प्रोडक्ट:

प्रदेश में संचालित उचित मूल्य की दुकानों पर 5 हजार अन्नपूर्णा भंडार खोलने की घोषणा की गई है। इन भंडार पर खाद्य सुरक्षा श्रेणी में आने वाले परिवारों को कम सस्ते मसाले-दाल उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### पेट्रोल और डीजल में कोई राहत नहीं :

बजट में पेट्रोल और डीजल पर वैट कम होने की भी उम्मीद थी। माना जा रहा था कि भजनलाल सरकार पेट्रोल और डीजल पर लग रहे वैट की दर को कम करने को लेकर कोई महत्वपूर्ण घोषणा कर सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



### युवाओं के लिए रोजगार के अवसर

राज्य सरकार ने युवा वर्ग के लिए रोजगार की बड़ी घोषणाएं की है। पिछले बजट में एक लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा की गई थी जबकि इस बार एक लाख 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया गया है। साथ ही निजी सेक्टर में भी 1 लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का ऐलान किया गया है। सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को आरक्षण दिए जाने का ऐलान भी किया गया है।

### मुफ्त बिजली का बड़ा तोहफा, अब डेढ़ सौ यूनिट बिजली फ्री

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मुफ्त बिजली योजना का दायरा बढाया है। अब 100 के स्थान पर 150 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। बजट भाषण के दौरान डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मुख्यमंत्री मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों के निवास स्थान पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्हें 100 के बजाय 150 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

### प्रदेशभर में सड़कें बनेंगी चकाचक

प्रदेश में सड़क निर्माण के लिए बड़ी घोषणा की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 करोड़ रुपए सड़क निर्माण और उनकी मरम्मत पर खर्च किए जाएंगे। जिन विधानसभा क्षेत्रों का विस्तार ज्यादा है। वहां 15-15 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। प्रदेश में 9 नए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे और 15 शहरों में रिंग रोड बनाए जाने का भी ऐलान किया गया है।

### लखपति दीदी योजना का दायरा किया चौगुना

लखपति दीदी योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत पहले प्रदेश की 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया था। अब इस बजट भाषण में प्रदेश की 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना से लाभान्वित करने का ऐलान किया गया है। इस योजना के दायरे में आने वाली महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपए का लोन दिया जाएगा।

### किसानों के लिए भी की बड़ी घोषणाएं

किसान प्रदेश का एक सबसे अहम वर्ग है। ऐसे में किसानों के लिए भी भजनलाल सरकार बड़ी घोषणा की है। बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने 35 लाख से ज्यादा किसानों को 25 हजार करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध कराए जाने का ऐलान किया है। अभी तक किसान सम्मान निधि के रूप में 8,000 रुपए मिलते थे। अब 1000 रुपए बढाकर किसान सम्मान निधि की राशि को 9000 रुपए कर दिया गया है।

### युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ना

आजकल के युवा डिजिटल फ्रेंडली ज्यादा होते हैं। वे नए नए स्टार्टअप लाने की कोशिश भी करते हैं। इस सेक्टर में सुनहरा भविष्य बनाने के लिए सरकार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देगी। राज्य सरकार ने कोटा में विश्वकर्मा स्किल इंस्टीट्यूट की स्थापना करने का ऐलान किया है। इसके लिए 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

### महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

अमूमन देखा जाता है कि प्रॉपर्टी खरीदने के बाद महिलाओं के बजाय पुरुषों के नाम रजिस्ट्री ज्यादा कराई जाती है। अब महिलाओं को सशक्त करने के लिए बड़ी घोषणा करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पत्नी के साथ संयुक्त नाम से 50 लाख रुपए तक की प्रॉपर्टी खरीदेंगे तो स्टांप ड्यूटी में आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी। परिवार के सदस्यों के पक्ष में पॉवर ऑफ अटॉर्नी पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट का लाभ माता-पिता, भाई-बहन, बेटा-बेटी, पोता-पोती, पति-पत्नी के साथ-साथ पुत्र वधू, नाती और नातिन को भी दिया जाएगा।

### ईआरसीपी के लिए 9300 करोड़ रुपए के काम होंगे

बजट घोषणा के दौरान ईआरसीपी पीकेसी यानी रामजल सेतु परियोजना के लिए 9300 करोड़ रुपए के कार्य कराए जाने का ऐलान किया गया है। 12,400 करोड़ रुपए के कार्यों को पूर्व में मंजूरी मिल चुकी है और अब 9300 करोड़ रुपए के नए कार्यों का ऐलान किया गया है। सरकार राजस्थान वाटर ग्रिड कॉरपोरेशन की स्थापना करेगी। 4 हजार करोड़ का काम यह कॉरपोरेशन के जरिये कराया जाएगा। 3 लाख 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम के लिए अनुदान दिया जाएगा।

### कानून व्यवस्था पर नियंत्रण, अपराधों पर रोकथाम के प्रयास

प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए भी बड़ी घोषणाएं की गई। साइबर क्राइम को रोकने के लिये सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस मुख्यालय में सरदार पटेल सेंटर फोर साइबर कंट्रोल एंड वॉर रूम खुलेगा, इस पर 350 करोड़ खर्च होंगे। राजस्थान नागरिक सुरक्षा कानून लाया जाएगा। पुलिस बेड़े के लिए नए 1000 गश्ती वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में बढ़ोतरी

बुजुर्गों, विधवाओं और अन्य श्रेणियों में दी जाने वाली पेंशन की राशि में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया गया है। पहले जहां 1150 रुपए प्रति माह पेंशन मिलती थी, उन्हें अब 1250 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में पढने वाले बच्चों को सप्ताह में 3 दिन के बजाय 5 दिन तक मुफ्त दूध मिलेगा।

## राजस्थान का बजट मोदी सरकार के सर्व समावेशी बजट का प्रतिबिंबः डॉ. सतीश पूनियां




जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से प्रस्तुत राजस्थान बजट केन्द्र की मोदी सरकार के सर्व समावेशी बजट का प्रतिबिंब है,बुनियादी ज़रूरतों से लेकर आधुनिक विकास को समर्पित यह बजट राजस्थान की भाजपा की भजनलाल सरकार की राज्य के प्रति विकसित राजस्थान की संकल्पना को पूर्ण करने वाला यह बजट सही मायने में गरीब, युवा, महिला और किसानों सहित सभी वर्गों की खुशहाली का बजट है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ आबादी के जनकल्याण के लिए समर्पित राज्य की भाजपा सरकार ने ग्रीन बजट पेश करते हुए प्रदेश के नवनिर्माण की नींव रखी है, जिसमें पेयजल, ऊर्जा, सड़क, नगरीय विकास, औद्योगिक विकास, पर्यटन, कला व संस्कृति, युवा विकास व कल्याण, चिकित्सा व स्वास्थ्य, सड़क, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था, सुशासन, कृषक कल्याण, उन्नत खेती पशुपालन व डेयरी प्रोजेक्ट को मजबूती देते हुए सभी सेक्टर्स पर बजट में फोकस किया है, जो विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## दिल्ली मुख्यमंत्री पद के लिए 'रेखा' निश्चित



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेसीं.)। दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता चुना गया है। कल यानि 20 फरवरी को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था।

बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें रेखा गुप्ता विधायक दल के नेता के रूप में चुनी गई। रेखा गुप्ता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगी और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा।

CMYK

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर , गुरूवार
20 फरवरी, 2025

## अलवर दुग्ध संघ को बजट घोषणा में मिली सौगात

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। राजस्थान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वित्त मंत्री दिया कुमारी का राजस्थान सरकार के बजट घोषणा में अलवर दुग्ध संघ को नवीन दुग्ध संयंत्र स्थापित करने के लिए स्वीकृत राशि के लिए जिले के समस्त किसान / पशुपालकों एवं दुग्ध संघ प्रबन्धन की ओर से कोटि कोटि धन्यवाद। अलवर दुग्ध संघ के प्रबंध संचालक सुरेश कुमार सेन ने बताया कि बजट घोषणा में स्वीकृत राशि से दुग्ध संयंत्र की क्षमता को बढ़ाकर 5 लाख लीटर दूध क्षमता का नवीन संयंत्र स्थापित किया जावेगा। यह एक खुशी की बात है।

## हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों का किया स्वागत

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। एन.ई.बी. विस्तार युवा विकास समिति अलवर के द्वारा हाउसिंग बोर्ड के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को समिति के पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता भेटकर व माला पहनाकर सम्मानित किया



गया। इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव जयराम नगर, उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष खेमेंद्र बेनीवाल, संगठन मंत्री सोहन जांगिड़ एवं पुनीत बेनीवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## चहुमुखी विकास का बजट - विधायक जसवंत यादव



**जयपुर टाइम्स**

बहरोड(निस)। बुधवार को आए राजस्थान बजट पर बहरोड़ से विधायक डॉ जसवंत सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट चहुमुखी विकास का बजट है आमजन को सुविधा मिली है। मेरे बहरोड़ को भी जिला एवं सेशन न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट, नवीन साइबर थाना, आईटीआई, सड़को का नवीनीकरण सहित विभिन्न मांगों को पूरा किया गया और कहा कि कुछ लोग चिल्लाते रहते है यह बजट आमजन, गरीब, विकास का बजट है।

## गणेश जी के निमंत्रण के साथ शुरू हुआ नो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान मे नौ दिवसीय पशुपति नाथ और शिव रात्रि महोत्सव शुरू हो गया रिद्धि सिद्धि के देवता गणेश जी के निमंत्रण के साथ नौ दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर गणेश पूजा की गई। इस अवसर पर जय शिव गुप्ता,



जतिन खेड़ापति, वैशाली हरीश जसोरिया, कुमुद खंडेलवाल, ललित अग्रवाल, अशोक मनचंदा, किरन जादौन, जगदीश गुप्ता, महादेव, धर्म सोनी, सुनीता, लखन एवं समिति के सभी सदस्य शामिल रहे। समिति के वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रातः 9-15 पर कलश पूजन कर कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा जगन्नाथ मंदिर सुभाष चौक से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों से होते हुए कथा स्थल राजर्षी अभय समाज पहुंचेगी। शोभायात्रा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पर्यावरण, आओ मिलकर साथ चले धरती का श्रृंगार करें व गुरु गोरखनाथ की सुंदर और भव्य झांकियां व नंदी पर सवार महादेव आदि सुंदर झांकियां शोभायात्रा में शामिल होंगी। महंत ने बताया कि शोभायात्रा में महिला भक्ति एक ही पोशाक में कलश लेकर वरुण देव का आव्हान करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगी इस के बाद दोपहर 1ः00 से शाम 5.00 बजे तक पांच दिवसीय पशुपति नाथ और शिवजी की कथा शुरू होगी। कथा का वाचन आचार्य दीपक अवस्थी द्वारा किया जाएगा। कथा के पहले दिन शिव कथा माहात्म्य देवराज व बिंदुग चंचुला चरित्र पर कथा होगी।



## राज्य सरकार का यह बजट हर प्रदेशवासी के सर्वांगीण विकास व समग्र उन्नति को समर्पित है - मंत्री यादव

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने राजस्थान सरकार द्वारा बुधवार को पेश किया बजट हर प्रदेशवासी के सर्वांगीण विकास और समग्र उन्नति को समर्पित वाला बताया है। इस जनहितकारी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिए मंत्री यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी एवं उनकी कर्मठ टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। यादव ने कहा है कि आस्था, अंत्योदय, सबका साथ, सबका विकास और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित यह बजट पर केंद्रित यह बजट न केवल प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि जन-जन के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय भी जोड़ेगा। सडक से लेकर बिजली तक, पर्यटन से लेकर पेयजल तक, रोजगार से लेकर महिला सशक्तिकरण तक, अलवर के लिए यह बजट ढेरों सौगातें लेकर आया है। बजट में अलवर के रूसीरानी गांव को टूरिज्म हब बनाने की बात है, बजट में अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम की घोषणा भी हुई है। अलवर-भिवाड़ी के शहरी क्षेत्रों को 900 करोड क्लीन एंड ग्रीन इको सिटी विकसित करने की घोषणा की है। अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम की स्थापना की जाएगी। इन घोषणाओं से यह बजट अलवर के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक आयोजित, रीट परीक्षा की तैयारियों हेतु दिए निर्देश



**जयपुर टाइम्स**

खैरथल-तिजारा(निस)। आगामी रीट परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, केंद्र व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा की गई।जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर रीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 12,267 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो दिनों में दो-दो पारियों में आयोजित की जाएगी-27 फरवरी को प्रथम पारी में 3,934 अभ्यर्थी, द्वितीय पारी में 4,107 अभ्यर्थी तथा 28 फरवरी को प्रथम पारी में 4,226 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा समन्वयक शिवपाल जाट ने बताया कि 12 केंद्राधीक्षक,14 उपकेंद्राधीक्षक, 12 पर्यवेक्षक 12 पेपर कोऑर्डिनेटर, 4 फ्लाइंग स्क्वाड परीक्षा सफलतापूर्वक करवाने एवं परीक्षा दौरान किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए सतर्क रहेंगे।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अनुशासन व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भारत भूषण, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट सहित कोष, परिवहन, पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## अनंत प्रेम आश्रम का दो दिवसीय सालाना सत्संग सम्मेलन होगा 22 फरवरी से

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। सर्वजन की आस्था का केंद्र स्कीम 2 स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम नंगली वालो की कुटिया का 25वां सालाना सतसंग सम्मेलन का आयोजन 22 फरवरी से अलवर मे आयोजित होगा। आश्रम प्रमुख चेतना पूरी महाराज ने बताया कि दो दिवसीय सालाना सम्मेलन की शुरुवात 22 फरवरी शनिवार से श्रीरामचरित मानस के पाठ से प्रात 10 बजे होंगी। इसी दिन सांय 6 बजे भजन संध्या का कार्यक्रम होगा, जिसमे प्रेम सेवा संघ ट्रस्ट के प्रमुख संत एवं राजस्थान, पंजाब व हरियाणा के कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतिया दी जाएगी।

सालाना सम्मेलन मे मुख्य रूप से राजस्थान हरियाणा पंजाब व जम्मू की साध संगत इस कार्यक्रम मे शिरकत करेंगी। इसी के साथ रात्रि 9 बजे से अटूट लंगर संगत को वरताया जायेगा। प्रचार सेवादार किशन लाल कालरा ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन 23 फरवरी रविवार को प्रात 10 बजे श्रीरामचरितमानस का भोग पड़ेगा उसके बाद प्रात साढ़े 10 बजे वार्षिक ध्वजारोहन की रस्म अदायकी होंगी। इसी के साथ प्रातः 11 बजे से रूहानीयत सतसंग प्रवचन शुरू होंगे, जिसमे संत श्री श्री 1008 श्री स्वामी अनंत प्रकाशनन्द पुरी महाराज एवं श्री श्री 108 गुरुदेव संत प्रेम दर्शनआनंद पुरी महाराज सहित पंजाब व हरियाणा स्थित संस्था के स्थित आश्रमो से पधारे संतो द्वारा प्रवचन दिए जायेंगे।सतसंग प्रवचन के समापन उपरांत दोपहर 2



बजे से अटूट लंगर साध संगत को वार्ताया जायेगा। आश्रम से जुड़े राजेश गाबा ने बताया कि सालाना आयोजित होने वाले इस वार्षिक सम्मेलन कि आश्रम से जुड़े हर परिवार को विशेष इन्तजार होती हैं, जिसमे अलवर हीं नहीं अपितु आस पास के प्रदेशो से भी संगत शिरकत करती हैं। वहीं उक्त आयोजन 22 फरवरी से शुरू होने वाले दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का समापन 23 फरवरी को विधिवत रूप से होगा।

## प्राधिकरण सचिव सोनी ने किया रैन बसेरा पुराना सूचना केन्द्र अलवर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सही भी मिली तो कई अव्यवस्थाएं आई सामने

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निस)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर मोहनलाल सोनी द्वारा बुधवार को रैन बसेरा पुराना सूचना केन्द्र अलवर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां कुछ व्यवस्थाएं बेहतर पाई तो कई समस्याएं भी सामने आई। जिनके लिए दिशा-निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक



सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के मुताबिक एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) हरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार किया गया।निरीक्षण के दौरान मौके पर रैन बसेरे के प्रबंधक राकेश गुप्ता रजिस्ट्रार जिला परियोजना अधिकारी एवं अन्य 4 स्टाफ उपस्थित मिले। रैन बसेरे मे रिकार्ड अनुसार 16, 17, व 18 फरवरी को क्रमश 17, 17 व 14 व्यक्तियों के आने का इन्द्राज रजिस्टर में मिला। रैन बसेरे में 60 लोगों के रहने की क्षमता बताई गई एवं 32 बेड, 60 कंबल/रजाई उपलब्ध पाए गए। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में प्रथम तल पर नवनिर्मित पांच नये कक्षों का अवलोकन किया गया। राकेश गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा अवगत करवाया गया कि भवन परिसर में एक बडा पेड़ की समस्या बताकर उसके निदान के लिए अवगत कराया गया। वहीं अन्य सुविधाओं के बारे में भी अधिकारी ने सचिव सोनी को बताया। निरीक्षण के दौरान ही रैन बसेरे के जिला परियोजना अधिकारी राकेश गुप्ता से पूछने पर उसके द्वारा अवगत करावाया कि शाम को एम्बुलेंस के साथ 1 नर्सिंगकर्मी आता है जो केवल औपचारिकता पूरी करके हस्ताक्षर करके चला जाता है।



**अलवर। यह दृश्य अलवर शहर के मंडी मोड़ का है ऐसे ओवरलोड वाहन दिनभर शहर में घूमते नजर आते है। पुलिस एवं परिवहन विभाग की कार्यवाही का इनको बिल्कुल भी डर नही है। प्रशासन को ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।**

# नई पीढ़ी को तंबाकू से दूर रखने हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता




## कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

खैरथल-तिजारा(निस)। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने बुधवार को तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि नई पीढ़ी को तंबाकू से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में कोटपा (COTPA) अधिनियम कि पालना सुनिश्चित कि जाए। साथ ही, तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को तंबाकू मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाकर उन्हें बेहतर सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए गाइडलाइन का विमोचन भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तंबाकू मुक्ति केंद्रों की स्थापना कर प्रभावी क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन SRKPS और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है, जिसका उद्देश्य तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में आमजन को जागरूक करना है। साथ ही, तंबाकू की लत से जूझ रहे मरीजों को हर संभव इलाज उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूरण मल मीना ने कहा कि तंबाकू मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाने के लिए टीम भावना से कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान, डॉ. पुनित चाहर ने तंबाकू मुक्ति केंद्रों के संचालन और आंकड़ों के संग्रहण पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देकर जानकारी साझा की। SRKPS के प्रतिनिधि राजन चौधरी ने तंबाकू मुक्त खैरथल-तिजारा बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अंत में SRKPS की डॉ. दामिनी और एनटीसीपी के डॉ. ललित ने सभी प्रतिभागियों एवं अधिकारियों का आभार प्रकट किया।



## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली के लिए हुए रवाना- पशुपालन मंत्री ने दी विदाई

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जयपुर यात्रा के बाद बुधवार शाम को हवाई मार्ग से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को जयपुर एयरपोर्ट पर विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी एवं अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## भागीरथ प्रयासः केंद्रीय मंत्री अपने खर्च पर कराएंगे कार्यकर्ताओं को महाकुंभ और रामलला दर्शन

जयपुर टाइम्स

अजमेर(निस)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए महाकुंभ स्नान और अयोध्या में रामलला दर्शन की विशेष यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। इस यात्रा के तहत अजमेर लोकसभा क्षेत्र की सातों विधानसभाओं - अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, पुष्कर, किशनगढ़, मसूदा, नसीराबाद, दूदू और केकड़ी से कुल 1300 भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।



### मंत्री खुद उठा रहे यात्रा का पूरा खर्च

यह यात्रा पूरी तरह निशुल्क होगी, जिसका संपूर्ण खर्च केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी वहन कर रहे हैं। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष अनुरोध कर ट्रेन की व्यवस्था करवाई और किराया स्वयं जमा करवाया। साथ ही, यात्रियों के भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी उन्होंने ली है।

### यात्रा कार्यक्रम

विशेष ट्रेन 20 फरवरी को दोपहर 1-00 बजे अजमेर जंक्शन से रवाना होगी और 21 फरवरी सुबह 6-30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यहां सभी कार्यकर्ता महाकुंभ स्नान करेंगे। इसके बाद दोपहर 2-00 बजे ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना होगी और शाम 7-00 बजे पहुंचेगी, जहां कार्यकर्ता श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। रात 10-00 बजे ट्रेन वापस अजमेर के लिए प्रस्थान करेगी और 22 फरवरी शाम 5-00 बजे अजमेर पहुंचेगी।

### यात्रा संबंधी निर्देश

यात्रियों को स्लीपर कोच में सफर करना होगा, इसलिए उन्हें अपना चादर, कंबल और तकिया साथ लाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, आधार कार्ड और यात्रा पास रखना अनिवार्य होगा।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

इस धार्मिक यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। महाकुंभ और रामलला दर्शन के इस अवसर के लिए वे केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। चौधरी की इस पहल को संगठन के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण बताया जा रहा है।

## बजट 2025-26ः नांवा विधानसभा क्षेत्र को मिली विकास की सौगातें

जयपुर टाइम्स



कुचामन सिटी(निस)। राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी के अथक प्रयासों से नांवा विधानसभा क्षेत्र को बजट 2025-26 में कई अहम सौगातें मिली हैं।

इन घोषणाओं से जलापूर्ति, सड़क, चिकित्सा, कृषि, धार्मिक स्थलों के विकास और कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### जलापूर्ति एवं पेयजल समाधान

बजट में नांवा और कुचामन सहित 11 शहरों में सतत जलापूर्ति सुधार के लिए 275 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, नांवा में नहरी पेयजल से वंचित क्षेत्रों को लाभान्वित करने के लिए 26.03 करोड़ रुपये की योजना मंजूर हुई है।

### सड़क एवं यातायात सुधार

कुचामन सिटी की ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए 6 किमी लंबी रिंग रोड निर्माण हेतु 20 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। साथ ही, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास के लिए 10 करोड़ रुपये एवं बड़े मरुस्थलीय क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा

उप जिला चिकित्सालय, नांवा की बेड क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, डीडवाना-कुचामन में महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास की स्थापना होगी, जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### नगरपालिका भवन एवं न्यायिक व्यवस्थाएं

नांवा का नगरपालिका भवन जर्जर होने के कारण नए भवन के निर्माण की घोषणा की गई है। साथ ही, डीडवाना-कुचामन में जिला एवं सेशन न्यायालय, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना की जाएगी।

### कृषि एवं किसान कल्याण

नांवा में कृषि उपज मंडी की स्थापना होगी, जिससे स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और उन्हें अपनी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे।

### धार्मिक और पर्यटन स्थलों का विकास

कुचामन सिटी में 14 करोड़ रुपये की लागत से भव्य सिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, नाड़ा बालाजी मंदिर और पगलिया धाम मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास के लिए विशेष बजट स्वीकृत किया गया है।

### साइबर सुरक्षा और कानून व्यवस्था

डीडवाना-कुचामन में साइबर पुलिस थाना स्थापित किया जाएगा, जिससे डिजिटल अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण होगा। साथ ही, डीडवाना-कुचामन में जिला कारागृह के निर्माण की घोषणा की गई है।

राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी ने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि यह बजट क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक आयोजित

# परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः जिला कलक्टर

### जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों पर 27 हजार 4 परीक्षार्थी देंगे राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा

जयपुर टाइम्स

सवाई माधोपुर(निस)। आगामी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान नकल एवं पेपर लीक को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाए। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी।



जिला कलक्टर ने एरिया मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट लगाकर परीक्षा केन्द्रों पर फिजिकल सुविधाओं का वेरिफिकेशन करवाने के निर्देश अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को दिए है। उन्होंने राजस्थान रोडवेज के मुख्य प्रबन्ध को पीयूष जैन को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोड़वेज की अतिरिक्त बसे लगवाकर परिवहन व्यवस्था का पुख्ता बंदोबस्त किया जाना सुनिश्चित करें। वहीं सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था मय मेडिकल स्टाफ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित– जिला कलक्टर ने कहा कि परीक्षा के संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षार्थी जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07462-220323 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के तहत कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जाएगा एवं संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिनमें 14 राजकीय एवं 20 गैर राजकीय परीक्षा केन्द्र है। उन्होंने बताया कि जिले में 27 फरवरी को प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 8 हजार 426 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं इसी दिन द्वितीय पारी में अपरान्ह 3 बजे से सांय 5:30 बजे तक 9 हजार 693 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार दूसरी दिन 28 फरवरी को प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 8 हजार 885 परीक्षार्थी राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा देंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीणा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एजाज अली, जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीणा, राजस्थान रोडवेज के मुख्य प्रबंधक पीयूष जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एशियन मैडलिस्ट ओम प्रकाश चौधरी बने भारतीय एयर पिस्टल टीम के कोच

जयपुर टाइम्स



नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) की गवर्निंग बॉडी ने एक अहम फैसला लेते हुए एशियन मैडलिस्ट ओम प्रकाश चौधरी को भारतीय एयर पिस्टल टीम का कोच नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति को भारतीय निशानेबाजी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार करियर

ओम प्रकाश चौधरी ने पिछले दस वर्षों तक राष्ट्रीय चैंपियन के रूप में अपना दबदबा बनाए रखा। 2023 में उन्होंने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया था। यह चैंपियनशिप जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित हुई थी। वे भारतीय सेना में जूनियर कमिश्नर ऑफिसर (JCO) के रूप में सेवा दे चुके हैं और 43 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें से 20 प्रतियोगिताओं में उन्होंने पदक जीते, जिससे भारतीय निशानेबाजी को नई पहचान मिली। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए भारतीय सेना ने उन्हें दो बार ÷आर्मी चीफ अवार्ड÷ से सम्मानित किया।

### 2010 में बने 'बेस्ट साउथ एशियन निशानेबाज'

2010 में उनकी शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें बेस्ट साउथ एशियन शूटर÷ के खिताब से नवाजा गया था। इसके बाद भी उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित किया।

### पैरा निशानेबाजों के लिए भी किया अहम योगदान

2020 में ओम प्रकाश चौधरी ने भारतीय पैरा ओलंपिक टीम के कोच के रूप में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में निशानेबाज सिंहराज अधाना ने टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

### जज और खेल संघों में भी निभाई भूमिका

2018 में ओम प्रकाश इंटरनेशनल फेडरेशन में जज और जूरी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, वे राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे राजस्थान पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

### ओलंपिक में अधिकतम पदक लाने का सपना

ओम प्रकाश चौधरी का हमेशा से सपना रहा है कि वे ओलंपिक के लिए बेहतरीन निशानेबाजों को तैयार करें और भारत को निशानेबाजी में सर्वाधिक पदक जीतने वाले देशों की सूची में शामिल करें। उनकी इसी सोच और समर्पण को देखते हुए NRAI ने उन्हें भारतीय एयर पिस्टल टीम का कोच नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर भारतीय निशानेबाजों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

ओम प्रकाश की कोचिंग में भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### संभागीय आयुक्त ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## विभागीय अधिकारियों को दिये जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। संभागीय आयुक्त पूनम ने बुधवार को संभागीय आयुक्तालय सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त पूनम ने अधिकारियों को राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जयपुर संभाग में पेयजल व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने, डार्क जोन का चिन्हीकरण करने एवं समर कन्टीजेन्सी प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। ताकि आगामी ग्रीष्म काल में आमजन को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। जल आपूर्ति के दौरान टीमें गठित कर अवैध नल कनेक्शन पर कार्यवाही की जावें। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बकाया कनेक्शनों को प्राथमिकता देकर जारी करवाएं, जिससे आमजन को पेयजल की सुविधा प्राप्त हो सके। संभागीय आयुक्त ने बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों से संभाग में विद्युत आपूर्ति एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर चर्चा की। विद्युत विभाग के अधिकारियों को संभाग में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समयावधि में बदलने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर योजना का लाभ आमजन तक पहुँचाया जावें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मौसमी बिमारियों से जुडी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों से जुड़ी आवश्यक इंतजाम, सफाई व्यवस्था, उपकरणों एवं नर्सिंग कार्मिकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता एवं प्रशिक्षित स्टाफ के द्वारा उपलब्ध जॉचों की सुविधा आमजन को प्रदान करने के निर्देश दिये गये। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों से मंगला पशु बीमा योजना के संबंध में चर्चा की गई एवं प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। संभागीय आयुक्त ने गौशालाओं के पशुओं के लिए आवश्यक पेयजल, खाद्य सामग्री, दवाइयों एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। कृषि विभाग के अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री कैंपों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा अधिक से अधिक किसानों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करवाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत टूटी हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर लिस्ट तैयार कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध करवाकर ठीक कराने हेतु निर्देशित किया। जयपुर संभाग के समस्त विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जिला कलक्टर ने हम्मीर ब्रिज के चौड़ाईकरण एवं विस्तारीकरण कार्यो का किया निरीक्षण

### शीघ्रता से कार्य पूर्ण कर आमजन को राहत प्रदान करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

सवाई माधोपुर(निस)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को हम्मीर ब्रिज के चौड़ाईकरण एवं विस्तारीकरण कार्यो का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्ययोजना अनुसार निर्माण कार्यों में शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यो में आने वाली बाधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि एनएचएआई, रेलवे एवं अन्य संबंधित विभागी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्यो को पूर्ण कर आमजन व शहर वासियों को ट्रेफिक जाम की समस्या से निजात दिलाए। उन्होंने सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखते हुए रेलवे की ट्रेक के दोनो ओर स्टेजिंग कार्य करने एवं निर्माण कार्यो के बीच में आ रही सीवरेज लाईनों को दूसरी ओर शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए है। ब्रिज पर लालसोट अप्रोच रोड़ की तरफ डब्ल्यूएमएम कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर वाहनों का आवागमन सुचारू करवाने के निर्देश ईपीसी कॉन्ट्रेक्टर विजय कुमार कन्स्ट्रक्शन के राजवीर सिंह को दिए।



जिला कलक्टर द्वारा लालसोट साईड चौड़ाईकरण एवं टोंक साईड रेम्प के कार्य को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए एवं कार्य में आ रही बाधाएं, भूमि अवाप्ति को जल्द दूर करने, मुआवजा राशि प्रदान की जा चुकी संरचनाओ को हटाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारीयों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एनएचआई के अधीक्षण अभियंता आशु कुमार गर्ग ने बताया कि रेलवे एवं सभी विभागों से प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी है। तीन माह में रेलवे लाईन के दोनों तरफ स्टेजिंग कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। होटल पिंक पैलेस एवं अन्य मुआवजा प्राप्त संरचनाओं का 10 दिन के भीतर डिस्मेंटल कर चौड़ाईकरण कार्य प्रारम्भ किया जाए।

इस दौरान एसडीएम अनूप सिंह, एनएचआई एक्सईएन वेद प्रकाश शर्मा, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय .....

## नगर निगम में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, लेकिन कुछ भी नहीं बदलेगा?

इस देश के किसी भी शहर के किसी भी नगर निगम या विकास प्राधिकरण के कार्यालय चले जाइए, बाहर घूमते दलालों की फौज यह बताते हुए नजर आती है कि वहां किस पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के तमाम दावों के बावजूद आम लोगों का रिश्वत दिए बिना कोई काम हो पाना, आज भी उतना ही मुश्किल है जितना कई वर्षों या दशकों पहले हुआ करता था।

हालत यह है कि कोई भी व्यक्ति अपना निजी रिहायशी मकान बनवाने के लिए जैसे ही घर के सामने रेत,रोड़ी,बदरपुर और ईंट मंगवाते हैं वैसे ही पुलिस और नगर निगम अथवा विकास प्राधिकरण का कोई न कोई बंदा रिश्वत की मांग को लेकर पहुंच जाता है। लेकिन इन्हीं के इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होते रहते हैं, बिल्डरों की मनमानी चलती रहती है और ये चुप्पी साध कर बैठे रहते हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जैसे जिलों में तो हालात कहीं ज्यादा भयावह और बेकाबू हो चुके हैं। शहरीकरण की अंधी दौड़ में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी के कारण आम लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

देश की राजधानी दिल्ली की हालत भी इस मामले में बेहतर नहीं है। दिल्ली नगर निगम के कामकाज के बारे में तो सब जानते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम पर जिस तरह की तल्ख टिप्पणी कर दी है, उससे एक बार फिर से एमसीडी की कड़वी सच्चाई बाहर आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक में अवैध निर्माण को लेकर दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि क्या दिल्ली नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ? सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच के सामने सोमवार को एक मामले में दिल्ली नगर निगम ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद अवैध निर्माण को हटा दिया गया था और इसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के रवैये पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, ÷ कोई पीआईएल दायर करता है, तब जाकर आप जागते हैं और दिखावे की कार्रवाई करने लगते हैं। हाई कोर्ट भी आपकी बातों को मानकर मामले को बंद कर देता है। क्या नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ?÷ सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई से जांच करवाने की बात कहते हुए दिल्ली नगर निगम को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है,जिसमें यह पूछा गया कि मामले की गहन जांच क्यों न कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल मौके का मुआयना ही काफी नहीं है, बल्कि दिल्ली नगर निगम की कार्यप्रणाली की भी जांच होनी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि अवैध निर्माण की अनुमति किन कारणों से दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर जैसे स्वतंत्र विशेषज्ञों के नाम सुझाने को भी कहा है, जो साइट का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दे सकें। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच को लेकर अपना फैसला दे सकती है।

## आखिर भारत का 'असली' दुश्मन कौन?

जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा दलील देते हैं कि भारत को चीन को अपना दुश्मन नहीं मानना चाहिए, तो सवाल पैदा होता है कि आखिर इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने चीन को भारत का दुश्मन नम्बर वन क्यों करार दिया था? दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर 2020 के गलवान घाटी हिंसक झड़प तक, क्रमशः उसके पहले या इसके बाद भारत को लेकर चीन के जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार दिखते आए हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि चीन भारत का मजबूत दुश्मन है। नेहरू-मोदी की मित्रता की भावना को उसने कुचला है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से पता चलता है कि भले ही ईसाईयत और इस्लाम से सम्भाव्य मुकाबले के लिए हिंदुत्व (भारत) को बुद्धत्व (चीन) की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिए दोनों देशों को समझदारी भरी दूरदर्शिता दिखानी पड़ेगी, अन्यथा वैश्विक परिस्थितियों की धर्मांध चक्की में दोनों देश पिसे जाएंगे और युगों-युगों तक पछताएंगे।



इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि भारत का असली दुश्मन कौन है? तो जवाब होगा कि भारत के कई दुश्मन हैं और इसके कारण भी अलग-अलग हैं। जहां तक राजनीतिक नजरिए और भौगोलिक सीमाओं का सवाल है तो चीन हमारा दुश्मन नम्बर वन है। वहीं, पाकिस्तान दुश्मन नम्बर 2, बंगलादेश दुश्मन नम्बर 3, नेपाल दुश्मन नम्बर 4, श्रीलंका दुश्मन नम्बर 5, मालदीव दुश्मन नम्बर 6, म्यांमार दुश्मन नम्बर 7, अफगानिस्तान दुश्मन नम्बर 8 और भूटान दुश्मन नम्बर 9 हैं। इन सबकी दांवपेंच भरी नीतियों से भारत किसी न किसी रूप में परेशान रहता है, क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और पश्चिमी देशों के शह पर ये भारत विरोधी नीतियों पर बहुधा अमल करते आए हैं।

वहीं, सांस्कृतिक नजरिए से हिन्दू विरोधी होने के कारण कट्टर इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध आदि के आंतरिक गठजोड़ भी भारत के लिए आस्तीन के सांप जैसे हैं। क्योंकि पाकिस्तान, तुर्किये, ईरान आदि की शह पर कभी मुस्लिम देशों के संघ द्वारा, तो कभी ईसाई देशों के संघ द्वारा और इनके धर्मांध कारोबारियों द्वारा भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं। साथ ही जैसे भारतीय मूल वाले सिख धर्म से जुड़े विदेशी लोगों को कनाडा-यूएसए द्वारा, दलित बौद्धों को चीन द्वारा भड़काया जाता है, अलगाववाद को बढ़वाया जाता है, वह भी भारत के भविष्य से दुश्मनी जैसा ही है। क्योंकि इनको शह देने वाले मुल्क भारत के हिंदुओं की जातीय और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काकर न केवल धर्मांतरण करवाते हैं, बल्कि गृह युद्ध के बीज भी यत्र-तत्र-सर्वत्र बुनते रहते हैं। दलित-ओबीसी साहित्य, साम्प्रदायिक इतिहास को शह आदि इनके सांस्कृतिक औजार बन चुके हैं। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में गुटनिरपेक्षता, सत्य व अहिंसा से अभिप्रेरित वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया जैसी उदात्त सोच से ग्लोबल साउथ मतलब तीसरी दुनिया के देशों के हितों की वकालत के चलते भी पश्चिमी राष्ट्र कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि भारत से कभी प्रत्यक्ष और कभी परोक्ष शत्रुता रखते आए हैं। हालांकि, कड़वा सच यह है कि भारत के असली शत्रु हमारे मूढ़ राजनेता हैं, जो %महाभारत% काल से अभिप्रेरित सार्थक नीतियों को प्रश्रय देने तथा राष्ट्रवाद-हिंदूवाद को संरक्षित करने के बजाय पश्चिमी लोकतंत्र प्रेरित उस क्षुद्र धर्मनिरपेक्षता की वकालत करते आए हैं जो एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक महामारी समझी जाती है। चूंकि इसके सिद्धांत और व्यवहार में काफी अंतर दुनिया के देशों में पाया जाता है, इसलिए एशियाई संदर्भ में यह धर्मनिरपेक्षता भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति को कुचलने का एक बौद्धिक हथियार समझी जाती है।

इसके अलावा दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा की जातीय अवधारणा, आदिवासी और आर्य के अंतर्राष्ट्रीय विभेद, अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के धार्मिक विभेद, भाषाई क्षेत्रवाद और एक समान कानून बनाने के बजाय आभिजात्य वर्गों के हितों के मुताबिक कानून निर्माण और इनको लेकर बहुमत-अल्पमत की आत्मघाती राजनीति ऐसे संवैधानिक सवाल हैं जिसका विवेकसम्मत समाधान हमारे राजनेताओं को देना चाहिए लेकिन वह पीछे 75 साल में वह इस मामले में विफल रहे हैं।

इस नजरिए से संविधान संरक्षण को लेकर अविवेकी न्यायिक हठ और कुतर्क भी एक बड़ी वजह है जिससे धर्मनिरपेक्षता जैसी टुच्ची सोच लाभान्वित है। वहीं जातीयता आदि विधि व्यवस्था के सवाल पर प्रशासनिक पूर्वाग्रह भी एक राजनीतिक त्रासदी ही है। इसलिए भारत के इस असली शत्रु को यदि हमलोग पहचान लिए, वैदिक संस्कृति के मुताबिक यहां के जनमानस को ढाल लिए, राजनीतिक अश्वमेध यज्ञ की पुनः शुरुआत कर लिए, तो भारत के जितने भी प्रत्यक्ष या परोक्ष शत्रु हैं, सबके दांत खट्टे किए जा सकते हैं।

निःसन्देह, बदलते विश्व की यही डिमांड भी है, जिसको लेकर भारत के लोगों के बीच सांस्कृतिक व राजनीतिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है। इससे अखण्ड भारत यानी महाभारत के सपनों को पुनः हासिल करना आसान हो जाएगा। हमारा देश विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बन जाएगा।

अब बात पुनः सैम पित्रोदा के बयानों की। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भले ही एक इंटरव्यू में कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। इसलिए भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। ऐसा करके उन्होंने भाजपा और सपा दोनों पर निशाना साध दिया। सपा तो मित्रतापूर्ण सम्बन्धों के चलते चुप रही लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उनके बयान आलोचना की है। लिहाजा, पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है। इस बीच पार्टी ने उनके बयान से खुद को अलग कर लिया है। इस संबंध में कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं।÷

सवाल है कि चीन के बारे में पित्रोदा का नजरिया ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा भी चीन को लेकर अक्सर ढुलमुल ही रही है। तभी तो ब्रेक के बाद मोदी-चिनफिंग मिले और बंगलादेश जैसा भारत विरोधी कुकाण्ड हो गया। इसलिए चीन के सवाल पर भाजपा-कांग्रेस में कोई ज्यादा अंतर नहीं है। चाहे इनकी राजनीतिक दलीलें पित्रोदा को लेकर कुछ भी हो। हां, उनके चीन सम्बन्धी बयानों से कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी की ईर्ष्या जरूर बढ़ेगी।

चूंकि कांग्रेस इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही है और यूपी में सपा के साथ उसके रिश्ते भी उतार-चढ़ाव भरे सियासी दांवपेंच वाले होते हैं, तो क्या यह समझा जाए कि पित्रोदा का यह बयान भी समाजवादी पार्टी की मौलिक विदेश नीति पर करारा तमाचा है। क्योंकि यूपी के कद्दावर मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व मुख्यमंत्री, यूपी के राजनीतिक पैंतरों से अक्सर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी परेशान रहा करते हैं। यूपी के दो लड़के के नाम से मशहूर यह सियासी जोड़ी जब एकजूट रहती है तो कभी सफल तो कभी विफल होती है।

चूंकि सैम पित्रोदा राहुल गांधी के अंतर्राष्ट्रीय सलाहकारों में शुमार किये जाते हैं, इसलिए उनके ताजा बयानों को एक तीर से कई शिकार करने की सियासी कवायद समझा जा रहा है। राजनीति में यही होता भी आया है। अमेरिका से लेकर चीन तक और भारत से जुड़े विभिन्न सुलगते सवालों पर सैम पित्रोदा अपनी अटपटी बयानबाजियों के लिए मशहूर रहे हैं। इसलिए कभी कांग्रेस उन्हें अपनी पार्टी से हटाती है तो कभी ससम्मान लाकर ओवरसीज कांग्रेस सम्बन्धी पुरानी जिम्मेदारियों को थोप देती है।

**- ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

## माधव सदाशिव राव गोलवलकर- शक्ति शाली भारत के कल्पक

श्री गुरुजी, माधव सदाशिव राव गोलवलकर, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अद्भुत, उद्भट व अनुपम संवाहक थे। वे भारत की सौम्यता, अनेकता में एकता, समरसता के मर्मज्ञ थे। श्री गुरुजी के संदर्भ में ÷थे÷ शब्द कहना सर्वथा अनुचित होगा, वे आज भी हमारे मध्य; पराक्रमी भारत, ओजस्वी भारत, अजेय भारत, निर्भय भारत, संपन्न-समृद्ध-स्वस्थ भारत व राष्ट्रवाद भाव के झर-झर बहते निर्झर झरने बने हुए हैं। वे शक्तिशाली भारत के अग्रदूत, संवाहक, प्रणेता के रूप में आज भी हमारे मध्य हैं, एक वैचारिक मूर्ति के रूप में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के संदर्भ में, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के संवाहक, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पुस्तक ÷श्रीगुरूजी एक स्वयंसेवक÷ में लिखते हैं ÷राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी, लेकिन इसे वैचारिक आधार द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने प्रदान किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध, भारत छोड़ो आंदोलन, आजाद हिंद फौज और नेताजी का देश की आजादी में योगदान, भारत विभाजन, देश की आजादी, कश्मीर विलय, गांधी हत्या, देश का पहला आम चुनाव, चीन से भारत की हार, पाकिस्तान के साथ 1965 व 1971 की लड़ाई; भारत का इतिहास बदलने और बनाने वाली इन घटनाओं के महत्त्वपूर्ण काल में न केवल श्रीगुरुजी संघ के प्रमुख थे, बल्कि अपनी सक्रियता और विचारधारा से उन्होंने इन सबको प्रभावित भी किया था।÷ शक्तिशाली भारत की श्री गुरुजी की अवधारणा को अटलबिहारी वाजपेयी व नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी हुई कोई आधा दर्जन केंद्रीय सरकारों ने मात्र ही स्वीकार नहीं किया; अपितु, इस अवधारणा को उन्होंने अपना गीता-रामायण माना हुआ है।

शक्तिशाली राष्ट्र की गुरुजी की अवधारणा को स्वतंत्रता संघर्ष के मध्य ही कांग्रेस ने, व स्वतंत्रता के पश्चात बनी हुई नेहरूजी व शास्त्रीजी की सरकारों ने भी स्वीकार किया है। यद्दपि नेहरू ने तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने व श्री गुरुजी को जेल में बंदी बनाने जैसा पाप भी किया था किंतु इसके बाद उन्होंने गोलवलकर गुरुजी का अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को वर्ष 1963 की गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने हेतु आमंत्रित भी किया था। वस्तुतः श्री गुरुजी के नेतृत्व काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बढ़ती लोकप्रियता, स्वीकार्यता, मान्यता को देखकर नेहरूजी के हृदय में कुटिलता व डाह के भाव आने लगे थे। नेहरू जिस प्रकार की छद्म, अंग्रेज-मुस्लिम परस्त राजनीति किया करते थे; श्रीगुरुजी उसके विरुद्ध थे। नेहरू जी ने संघ व श्रीगुरुजी को अपनी सत्ता के प्रति आसन्न असुरक्षा के भाव से ग्रसित होकर ही गांधीजी की हत्या के बाद श्रीगुरुजी को गिरफ्तार कर संघ को प्रतिबंधित किया था। गांधी जी की हत्या व हत्या के आरोप में संघ पर प्रतिबंध लगाना, आज भी एक उनसुलझा रहस्य ही है। इस रहस्य का एक सूत्र गांधीजी की हत्या के ठीक एक दिन पूर्व के नेहरू के एक भाषण में भी है, जिसमें नेहरू ने संघ को कुचलने की बात कही थी। नेहरू जी का संघ को कुचलने वाला भाषण देना, चौबीस घंटे के भीतर गांधी जी की हत्या होना और संघ पर प्रतिबंध लगाकर श्रीगुरूजी को गिरफ्तार कर लेना; एक अनसुलझी गुत्थी ही है। गांधी जी की हत्या व इस संदर्भ में संघ पर प्रतिबंध, यह पहेली, कानूनी दृष्टि से असुलझी लग सकती है किंतु भीतरखाने के सच जानने वाले तत्कालीन राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता इस संदर्भ में दबी जबान बहुत कुछ कहा-सुना करते थे।



विकसित भारत की नेहरू की परिकल्पना पर श्रीगुरूजी का ÷शक्तिशाली भारत÷ की योजना; कल्पक, अत्यंत भारी, परिणामकारी व युगांतरकारी है। श्री गुरुजी की यह योजना, नेहरू की अंग्रेज व मुस्लिम परस्त नीतियों पर बहुत भारी पड़ती हुई दिखने लगी थी। सार्वजनिक चौक-चौराहों, सड़क-संसद, मठ-मंदिर, व्यावसायिक परिसरों आदि सर्वत्र स्थानों पर श्री गुरुजी की ÷शक्तिशाली भारत÷ की योजना की चर्चा में भारतीय न केवल रुचि लेने लगे थे, अपितु, श्रीगुरूजी के प्रति भारतीयों में श्रद्धा का वातावरण बनता जा रहा था। यह सब तब था जबकि, श्रीगुरूजी का प्रत्यक्ष राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं था। नेहरू जी को भय था कि, देश के आगामी प्रथम लोकसभा चुनाव में उनकी सर्वोच्चता को केवल तीन लोग चुनौती दे सकते थे; वे तीन व्यक्ति थे ÷ पहले श्री गुरुजी, गांधीजी व बाबासाहेब अंबेडकर जी। इन तीनों के प्रति नेहरूजी ने तरह-तरह की ज्ञात-अज्ञात दुरभिसंधियाँ की थीं।श्रीगुरूजी के कृतित्व को नेहरू जी व भारत की समूची जनता ने, भारत-कश्मीर विलय में उनकी भूमिका से देख लिया था। प्रसिद्ध लेखक, संदीप बोमजाई, -÷डिसइक्विलीब्रियम = वेन गोलवलकर रेसक्यूड हरि सिंह÷ में लिखते हैं, ÷सरदार पटेल की पहल पर श्रीगुरूजी ने 18 अक्टूबर, 1947 को महाराजा हरि सिंह से भेंट की और विलय को संभव बनाया।÷ महाराजा हरिसिंह ने गोलवलकर से कहा, ÷मेरा राज्य पूरी तरह से पाकिस्तान पर निर्भर है। कश्मीर से बाहर जाने वाले सभी रास्ते रावलपिंडी और सियालकोट से गुजरते हैं। मेरा हवाई अड्डा लाहौर है। मैं भारत से किस तरह संबंध रख सकता हूँ।÷ श्री गुरुजी ने उनसे कहा, ÷आप हिंदू राजा हैं। पाकिस्तान के साथ विलय के बाद आपकी हिंदू प्रजा पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा। सही है कि आपका भारत के साथ इंफ्रा विकसित नहीं है किंतु इसे बनाया जा सकता है। आपके कश्मीर के हित में अच्छा यही होगा कि आप भारत के साथ अपने राज्य का विलय कर लें।÷ आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में जो इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित कर रहे हैं, वह श्री गुरुजी के इन विचारों का क्रियान्वयन ही है। अरुण भटनागर की पुस्तक, ÷इंडिया÷ शेडिंग द पास्ट, एम्ब्रेसिंग द फ्यूचर, 1906-2017÷ में भी श्रीगुरूजी की कश्मीर विलय में भूमिका, का उल्लेख है।

**-प्रवीण गुगनानी**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

> श्री गुरुजी, माधव सदाशिव राव गोलवलकर, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अद्भुत, उद्भट व अनुपम संवाहक थे। वे भारत की सौम्यता, अनेकता में एकता, समरसता के मर्मज्ञ थे। श्री गुरुजी के संदर्भ में ÷थे÷ शब्द कहना सर्वथा अनुचित होगा, वे आज भी हमारे मध्य; पराक्रमी भारत, ओजस्वी भारत, अजेय भारत, निर्भय भारत, संपन्न-समृद्ध-स्वस्थ भारत व राष्ट्रवाद भाव के झर-झर बहते निर्झर झरने बने हुए हैं। वे शक्तिशाली भारत के अग्रदूत, संवाहक, प्रणेता के रूप में आज भी हमारे मध्य हैं, एक वैचारिक मूर्ति के रूप में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के संदर्भ में, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के संवाहक, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पुस्तक ÷श्रीगुरूजी एक स्वयंसेवक÷ में लिखते हैं ÷राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी, लेकिन इसे वैचारिक आधार द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने प्रदान किया था।

## शख्सियत

## गोपाल कृष्ण गोखले को महात्मा गांधी मानते थे अपना राजनीतिक गुरु



आज ही के दिन यानी 19 फरवरी को महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और नरम दल के नेता गोपाल कृष्ण गोखले का निधन हो गया था। वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। गोखले ने सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा के विस्तार और तीन दशकों तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान दिया था। वहीं खुद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी गोपाल कृष्ण गोखले को अपना राजनीतिक गुरू मानते थे। आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर गोपाल कृष्ण गोखले के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

महाराष्ट्र के रत्नागिरी में 09 मई 1866 में हुआ था। इनके पिता का नाम कृष्णा राव गोखले और मां का नाम वलूबाई गोखले था। उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था। वह एक मेधावी छात्र थे और पिता पेशे से क्लर्क थे। लेकिन गोखले के पिता का असामयिक निधन हो गया था। गोखले को पराधीनता का भाव अधिक सताता था। लेकिन उनके भीतर हमेशा राष्ट्रभक्ति की धारा प्रवाहित होती थी। साल 1881 में गोखले ने मैट्रिक की परीक्षा पास की थी।

साल 1882 कोल्हापुर के राजाराम कॉलेज में एडमिशन लिया था। हालांकि उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के लिए एलफिंस्टन कॉलेज जाना पड़ा था। पढ़ाई के प्रति जुनूनी रवैया रखने के कारण हर महीने गोखले को छात्रवृत्ति मिलती थी। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग करने का फैसला किया। लेकिन इंजीनियरिंग में मन नहीं लगने की वजह से उन्होंने कानून की पढ़ाई करने का मन बनाया था।

### कांग्रेस के अध्यक्ष बने गोखले

साल 1889 में गुरू समाज सुधारक एम जी रानाडे से प्रभावित गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए थे। वह हमेशा %नरम दल% के नेता के रूप में काम करते रहे। वहीं साल 1893 में वह बंबई प्रांतीय सम्मेलन के सचिव बने और फिर साल 1895 में बाल गंगाधर तिलक के साथ संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया था।

साल 1905 में हुए बनारस अधिवेशन में गोखले कांग्रेस का अध्यक्ष चुने गए। इसी अधिवेशन में बीएचयू की नींव पड़ी और नरम व गरम दल के बीच हुए मतभेदों की वजह से 1907 में पार्टी दो टुकड़ों में बंट गई। हालांकि वैचारिक मतभेद होने के बाद भी उन्होंने %गरम दल% के नेता लाला लाजपत राय की रिहाई के लिए अभियान चलाया था।

### मृत्यु

हालांकि गोपाल कृष्ण गोखले की मृत्यु महज 49 साल की उम्र में 19 फरवरी 1915 को हो गई थी। दरअसल, उनको डायबिटीज और कार्डिएक अस्थमा की शिकायत थी।




## 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर 'पद्मावत' का रिकॉर्ड तोड़ा, बनी सबसे बड़ी ऐतिहासिक ओपनर

अभिनेता विक्की कौशल की सिंह गर्जना ने उनकी नई फिल्म 'छावा' को हिंदी में बनी ऐतिहासिक फिल्मों में इस मामले में नंबर वन पर ला दिया है कि इसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांचों फिल्मों से बेहतर ओपनिंग पहले दिन की है। हिंदी सिनेमा में बनी ऐतिहासिक फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड अब तक 'पद्मावत' के पास रहा है जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए पर इसकी ओपनिंग सिर्फ 24 करोड़ रुपये की रही। फिल्म 'छावा' के जरिये अभिनेता विक्की कौशल ने अपना पंजा बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन ही मार दिया है। फिल्म ने अपनी रिलीज के एक दिन पहले ही दिन 31 करोड़ रुपये से ऊपर की ओपनिंग ली है। ये विक्की कौशल के करियर में बतौर सोलो हीरो अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग भी है। 'छावा' विक्की कौशल के करियर की बिगेस्ट ओपनर तो बन ही चुकी है, फिल्म ने अपनी लागत का 20 फीसदी से ज्यादा पहले दिन ही कमाकर वीकएंड को खुशगवार बनाने की तरफ भी कदम बढ़ा दिए हैं।

निर्माता दिनेश विजन फिल्म 'छावा' के 12,344 शोज की एडवांस बुकिंग बीते सोमवार से चलती रही है। फिल्म शुक्रवार को दुनिया भर में रिलीज हो गई। वैलेंटाइंस डे पर फिल्म देखने तमाम जोड़े भी आए और उन्हें फिल्म में विक्की कौशल व रश्मिका मंदाना के बीच श्री और सखी श्री के संबोधनों वाला संवाद खूब पसंद आया। फिल्म के क्लाइमेक्स में भी मां जगदंबा को याद करते संभाजी और येसुबाई को देख लोगों ने आंसू भी बहाए। इसके बाद आए फिल्म के खौफनाक क्लाइमेक्स को लोग अभी बरसों याद रखेंगे। किसी भी फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन अगर अपने मेकिंग और प्रचार बजट के 20 फीसदी या उससे ज्यादा होता तो उसके हिट होने की संभावनाएं प्रबल हो जाती हैं। फिल्म 'छावा' 130 करोड़ रुपये में बनी है। उस लिहाज से फिल्म 'छावा' के रिलीज के पहले दिन 31 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लेने से विक्की कौशल की प्रतिष्ठा भी हिंदी सिनेमा में बढ़ना तय माना जा रहा है। ये कलेक्शन इस साल किसी हिंदी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसके पहले अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के पहले दिन करीब 15.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब तक हिंदी में बनी सारी ऐतिसाहिक फिल्मों में ये सबसे बड़ी ओपनिंग है। इसके पहले ये रिकॉर्ड दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'पद्मावत' के पास था जिसकी ओपनिंग 24 करोड़ रुपये रही थी।



## पापा ने सेट पर ईमानदार रहना सिखाया, कहा- एक्टिंग मत करो, किरदार बनो

**नए साल में वैलेंटाइंस डे के महीने में कावेरी कपूर के रूप में एक और नई स्टार किड की फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री हुई है। ऑस्कर विजेता फिल्म एलिजाबेथ, मिस्टर इंडिया, बैंडिट क्वीन और मासूम जैसी फिल्मों के निर्देशक शेखर कपूर और जानी-मानी एक्ट्रेस-सिंगर सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी की फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी ओटीटी पर नजर आएगी। एक समय सिंगर -कंपोजर बनने की इच्छुक कावेरी ने एक्टिंग का रुख किया है। उनसे एक खास बातचीत।**

आज भले कावेरी ने अपना एक्टिंग डेब्यू कर लिया है, मगर वह बचपन से ही गीत-संगीत के प्रति आकर्षित रहीं। हालांकि उन्हें लेकर ये चर्चा बहुत जोरों पर थी कि वह पिता शेखर कपूर की आइकॉनिक फिल्म मासूम के पार्ट टू यानी मासूमन्द नेक्स्ट जनरेशन से डेब्यू करेंगी, मगर फिर उन्होंने इस फिल्म से आगाज किया। वह कहती हैं, मासूमन्द नेक्स्ट जनरेशन जरूर आएगी और जल्द ही आएगी। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा बात तो नहीं कर सकती, मगर फिल्म निश्चित तौर पर बन रही है और यही मेरी अगली फिल्म होगी।

### आज भी प्यार होता है, दिल टूटता है

चौबीस साल की कावेरी जेनज़ी से बिलॉन्ग करती हैं। आज के प्यार -मोहब्बत के दौर में बेन्चिंग, सिचुएशनशिप, घोस्टिंग जैसे टर्म्स पर उनका कहना है, मुझे लगता है, प्यार तो आज की जनरेशन भी करती है, बस कम्युनिकेशन का तरीका बदल गया है। आज भी लोग आई लव यू कहते हैं। पहले चिट्ठियों के जरिए ये बात कही जाती थी, मगर आज लोग मेसेज करके या अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए ये बातें कर देते हैं। हां, मैं मानती हूं कि आज की जनरेशन के पास चॉइसेज ज्यादा हैं, तो रिलेशनशिप का स्वरूप बदल गया है, मगर लव तो आज भी होता है, आज भी लोगों का हार्ट ब्रेक होता है। मुझे लगता है कि आज से 50 साल पहले डेटिंग ऐप होते, तो यकीनन उस समय के लोग भी उसका फायदा उठाते।

### ग्यारह साल की उम्र में लिखा था पहला गाना

एक्टिंग के क्षेत्र में आने से पहले कावेरी गीत-संगीत से जुड़ी रही हैं। वह उस वक्त मात्र 11 साल की थीं, जब अपना पहला गाना लाई थी। उनका गाना डिड यू नो जब यूट्यूब पर रिलीज हुआ था, तब शाहरुख खान, ऋतिक रोशन समेत सोनू निगम ने भी उनकी काफी तारीफ की थी। वह कहती हैं, मुझमें हमेशा से लोगों को और दुनिया को समझने की एक उत्सुकता रही है। मैं अपने गीतों के जरिए मानवीय भावनाओं को व्यक्त करती हूं। यह मैं बहुत बचपन से करती आ रही हूं। गीत-संगीत ने हमेशा से मुझे अपनी सोच और स्किल को अभिव्यक्त करने का प्लेटफॉर्म दिया। 2016 में जब मेरा पहला म्यूजिक विडियो डिड यू नो आया था, तब भी ये लोगों को बहुत पसंद आया था। यह गाना मैंने खुद लिखा, कंपोज किया और इसे आवाज भी दी थी। आज जब मैं एक्टिंग के क्षेत्र में आ गई हूं, तो मेरा म्यूजिक मुझे इमोट करने में काफी मददगार रहा है।

### कुणाल सर ने बहुत ही सेफ फील कराया

हम तुम, फना, थोड़ा प्यार थोड़ा मैजिक और ब्रेक के बाद जैसी फिल्मों में सैफ अली, रानी मुखर्जी, आमिर खान, काजोल, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों को डायरेक्ट कर चुके कुणाल कोहली फिल्म के निर्देशक हैं। कावेरी कुणाल कोहली के साथ अपने अनुभव को बयान करते हुए कहती हैं, कुणाल सर ने सेट पर मुझे काफी सेफ फील कराया। यह मेरी पहली फिल्म है, तो मेरे आपस एक्टिंग का कोई अनुभव नहीं था। सेट पर उन्होंने माहौल को कुछ ऐसा बनाए रखा कि अगर मैं कभी नर्वस होती भी, तो वह मुझसे चर्चा करते और मेरी नर्वसनेस दूर कर देते थे। निर्देशक के रूप में उनकी सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह आपका एक्स फैक्टर पहचानते हैं। वह समझते हैं कि आपका दिमाग और बॉडी लैंग्वेज क्या होगा और वह उसी हिसाब से सलाह देते हैं।

## फिल्म 'द नेटवर्कर' करके थ्रिल हुआ



**फिल्म 'द नेटवर्कर' एमएलएम के जाल में फंसे लोगों की गहराई और जटिलता के बारे में है। इस फिल्म का पोस्टर 9 फरवरी को चंडीगढ़ में लॉन्च हुआ है। इस दौरान फिल्म की स्टार विंध्या तिवारी ने बात की।**

**फिल्म में आपके के किरदार को कितना अलग देख पाएंगी?**
फिल्म का सब्जेक्ट ही अपने आप में सबसे अलग है। ऐसे सब्जेक्ट में जब काम करने का मौका मिलता है तो थ्रिल जैसा महसूस होता है। यह ऐसे स्कैम की कहानी है जो आजकल बहुत ही कॉमन है। मैं इस फिल्म में ऐसी बीवी की भूमिका निभा रही हूं जो अपने पति को बहुत प्यार करती है। आजकल तलाक की बहुत सारी घटनाएं हो रही हैं। पति-पत्नी एक दूसरे को नहीं समझ पा रहे हैं, जबकि कितनी भी विषम परिस्थिति हो एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। पति-पत्नी को आपस में समस्या को समझकर उसका समाधान निकालना चाहिए।

**इस तरह के इंटेन्स किरदार निभाने का प्रोसेस क्या होता है?**
मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी है। इसलिए मुझे प्रोसेस नहीं पता है। मैं बनारस की रहने वाली हूं। कैमरा ऑन होते ही कुछ मैजिक होता है। मुझे खुद नहीं पता कि क्या करने वाली हूं। लोग उसे देखकर तारीफ करते हैं। एक्टिंग करते-करते कई साल हो गए हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अभी-अभी आई हूं। अभी बहुत कुछ सीखना और अच्छे काम करना है।

**विंध्या, आप फिल्म, टीवी और ओटीटी पर काम कर चुकी हैं, सबसे ज्यादा मजा किसमें आता है?**
मैं बहुत ही साधारण फैमिली से हूं। मैं डांस भी करती थी तो दादा जी को बहुत दिक्कत होती थी। डॉक्टर और इंजीनियर के अलावा तीसरा ऑप्शन देते ही नहीं है। मुझे तो एक्टिंग प्रोफेशन के बारे में नहीं पता था कि इसमें पैसे भी मिलते हैं। मुंबई आई यहां काम और पैसे मिलने लगा तब समझ में आया कि एक्टिंग प्रोफेशन से सीरियसली पैसे भी कमाए जा सकते हैं। टीवी, फिल्म और ओटीटी पर मैंने काम करने बहुत ही एन्जॉय किया है।

**विंध्या, इस फिल्म की सबसे खूबसूरत जर्नी और चैलेंज क्या रहा?**
हर प्रोजेक्ट अपने आप में एक चैलेंज होता है। हर फिल्म की शूटिंग के दौरान टीम के साथ नए लोग होते हैं। विक्रम के साथ मैंने पहले भी काम किया है। हमने लाइफ में बहुत मेहनत की है। हम लोग लखनऊ में शूटिंग कर रहे थे, वहां का माहौल बहुत नवाबी रहता था। सेट पर खाना बहुत अच्छा आता था।

## इम्तियाज अली की सीरीज में दिखेंगे अर्जुन और अदिति

दर्शक इम्तियाज अली अमर सिंह चमकीला के बाद अब नेटफ्लिक्स के लिए एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में अर्जुन रामपाल और अदिति राव हैदरी के नाम पर तो पहले ही मोहर लग चुकी थी लेकिन इसकी कहानी या कलाकारों से जुड़ी और जानकारी सामने नहीं आई थी। अब इस सीरीज में अविनाश तिवारी की भी एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... सीरीज का नाम है ओ साथी रे, लेकिन इम्तियाज इसका निर्देशन नहीं कर रहे हैं बल्कि वह इससे बतौर लेखक और निर्माता जुड़े हैं। इस सीरीज के निर्देशन की जिम्मेदारी उन्होंने अपने भाई आरिफ अली को सौंपी है। आरिफने इम्तियाज के साथ मिलकर उनकी सुपरहिट वेब सीरीज शी का निर्देशन भी किया था। यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज होगी, जिसमें एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर देखने को मिलेंगे।







## जयदीप अहलावत ने मनोज वाजपेयी को कहा कमाल?

जयदीप अहलावत को बॉलीवुड से ज्यादा लाइमलाइट वेब सीरीज में अभिनय करके मिली है। वह वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दो सीजन में नजर आ चुके हैं। इसमें वह हाथी राम चौधरी के किरदार में नजर आते हैं, जो एक पुलिस ऑफिसर है। इस किरदार के जरिए दर्शकों को अपराध की स्याह दुनिया दिखाई जाती है। 'पाताल लोक 2' में भी दर्शकों ने जयदीप को खूब सराहा। अब वह एक और वेब सीरीज में नजर आएंगे। इसमें जिस कलाकार के साथ वह काम कर रहे हैं, वह बॉलीवुड के उम्दा एक्टर्स में शामिल है।

### जयदीप ने इस एक्टर को सराहा

जल्द ही जयदीप मनोज वाजपेयी के साथ वेब सीरीज 'फैमिली मैन 3' में नजर आएंगे। इस वेब सीरीज में उनका रोल काफी अलग होने वाला है। इस सीरीज का हिस्सा बनकर वह काफी खुश हैं। मनोज वाजपेयी के साथ एक्टिंग करना उनके लिए बड़ी बात है। वह मनोज को एक कमाल का एक्टर बताते हैं। जयदीप अहलावत 'फैमिली मैन 3' की स्टोरी को भी बेहतरीन और सुंदर बताते हैं। वह इस वेब सीरीज को बनाने वाली पूरी टीम की तारीफ करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि जब वेब सीरीज आएगी तो दर्शकों को जरूर पसंद आएगी।

### जयदीप के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

जयदीप अहलावत एक फिल्म 'ज्वेल थीफ' में भी नजर आएंगे। इसमें सैफ अली खान अहम भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में इसका टीजर भी रिलीज हुआ, यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म हाइस्ट यानी चोरी पर आधारित है।



## रितेश देशमुख की राजा शिवाजी में दिखेंगे संजय, फरदीन और अभिषेक

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की सुपरहिट मराठी फिल्म वेड दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी थी। अब रितेश अपनी दूसरी मराठी फिल्म राजा शिवाजी लेकर आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज होने वाली है और इससे भी खास बात यह है कि इस फिल्म के लिए रितेश ने अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और फरदीन खान को साइन कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में अभिषेक, फरदीन और संजय की एंट्री हो चुकी है और इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान तो रितेश संभाल ही रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि संजय, अभिषेक और फरदीन इसमें मुगलों की भूमिका में दिखेंगे। इसमें तीनों एक्टर्स मुगलों की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म को रितेश डायरेक्ट कर रहे हैं।





## खासी मांग है देश के साथ-साथ विदेशों में भी

# मेडीकल लैब टैक्नीशियन की



“मेडीकल लैब टैक्नीशियन, डाक्टरों के निर्देश पर काम करते हैं। उपकरणों के रख-रखाव और कई तरह के काम इनके जिम्मे होता है। लैबोरेटरी में नमूनों की जांच और विश्लेषण में काम आने वाला घोल भी लैब टैक्नीशियन ही बनाते हैं। इन्हें मेडीकल साइंस के साथ-साथ लैब सुरक्षा नियमों और जरूरतों के बारे में पूरा ज्ञान होता है। लैब टैक्नीशियन नमूनों की जांच का काम करते हैं, लेकिन वे इसके परिणामों के विश्लेषण के लिए प्रशिक्षित नहीं होते।”



नमूनों के परिणामों का विश्लेषण पैथोलॉजिस्ट या लैब टैक्नोलॉजिस्ट ही कर सकता है। जांच के दौरान एम.एल.टी. कुछ सैम्पलों को आगे की जांच या फिर जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षित भी रख लेता है। एम.एल.टी. का काम बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौती भरा होता है। इसमें धैर्य और निपुणता की बड़ी आवश्यकता होती है। जमा किए गए डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की भी जिम्मेदारी उसकी होती है।

मेडीकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट में सर्टीफिकेट डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर्स के दौरान बेसिक फिजियोलॉजी, बेसिक बायोकैमिस्ट्री एंड ब्लड बैंकिंग, एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनवायरनमैंट एंड बायोमैडीकल वेस्ट मैनेजमैंट, मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजी एवं अस्पताल प्रशिक्षण दिया जाता है।

सर्टीफिकेट इन मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी (सी.एम.एल.टी.) छह महीने का कोर्स है जिसके लिए योग्यता है 10वीं पास। वहीं डिप्लोमा इन मैडीकल लैब



टैक्नोलॉजी के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। इस कोर्स की अवधि है एक वर्ष। 12वीं प्रमुख विषय के रूप में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी (पी.सी.बी.) तथा फिजिक्स, कैमिस्ट्री या मैथ्स (पी.सी.एम.) के साथ पास होना अनिवार्य है।

बी.एससी. इन एम.एल.टी. के लिए 12वीं विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। जिसकी अवधि है 3 वर्ष। एम.एस.सी. इन मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजिस्ट (एम.एल.टी.) प्रोग्राम में प्रवेश करने के लिए अभ्यर्थी के पास पहले हाई स्कूल डिप्लोमा होना चाहिए, इसके बाद 2 साल का एसोसिएट प्रोग्राम करना होता है। यह प्रोग्राम कम्युनिटी कालेज, टैक्नीकल, स्कूल, वोकेशनल स्कूल या विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाता है।

मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों को काम में निपुणता और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण की जरूरत पड़ती है।

छात्र इस तरह क प्रशिक्षण लैबोरेटरी कार्यों के दौरान ही साथ ही साथ प्राप्त कर सकते हैं। अधिकतर प्रांतों में मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों के लिए कोई प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होती, लेकिन कुछ राज्यों में इन तकनीशियनों के पास काम करने के लिए प्रमाण पत्र होना जरूरी है।

प्रमाण पत्र वाले तकनीशियनों के लिए इस क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं होती हैं। आप किसी भी मैडीकल लैबोरेटरी हॉस्पिटल, पैथोलॉजिस्ट के साथ काम कर सकते हैं। ब्लड बैंक में इनकी खासी मांग रहती है। आप बतौर रिसर्चर व कंसल्टैंट के अलावा खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं।



सामान्य तौर पर एक एम.एल.टी. का वेतन 10 हजार से शुरू होता है जबकि पैथोलॉजिस्ट को तीस हजार रुपए से चालीस हजार रुपए तक सैलरी मिल जाती है। साथ ही योग्यता और तजुर्बे के आधार पर उनके वेतन में इजाफा होता चला जाता है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी इनकी खासी मांग है।



## आधे से ज्यादा लोग अपनी जॉब से रहते हैं नाखुश!



क्या आप जानते हैं कि आधे से ज्यादा लोग अपनी नौकरी से नाखुश रहते हैं और आधे से ज्यादा लोग इस बात को महसूस करते हैं कि वह जिस जॉब को कर रहे हैं, उसमें उनका कोई भविष्य नहीं है या उन्होंने अपनी जिंदगी में गलत करियर चुन लिया।

यह बात ब्रिटेन स्टडी में सामने आई है। स्टडी में कहा गया है कि ब्रिटेन में काम करने वाले लोग अपनी जॉब से परेशान हैं और वह मानते हैं कि वह अपने भविष्य को सही जगह नहीं ले गए। इसके साथ ही एक चौथाई लोग अपने आपको गरीब कर्मचारी मानते हैं। वह लोग ऐसा इसलिए समझते हैं, क्योंकि वह अपनी जॉब से खुश नहीं होते।

स्टडी के मुताबिक 7 में से 1 कर्मचारी ऐसा भी होता है, जो अपनी जॉब से परेशान होकर उसकी आदर नहीं करते और वह जॉब पर ध्यान नहीं देता। इसके साथ-साथ 49 फीसदी ब्रिटेन के कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो जॉब करने के साथ साथ किसी और फिल्ड में भी अपना कैरियर तलाश करते हैं।

## प्रतिद्वंद्वी को अपना अच्छा दोस्त बनाएं



### जब दोस्त ईर्ष्या करने लगे

कई बार ऑफिस में प्रमोशन मिलने से आपकी बैस्ट फ्रैंड को भी आपसे ईर्ष्या हो जाती है। ऐसे में अपनी ही दोस्त के बिहेवियर में जलन का भाव देख कर किसी को भी टैंशन होना लाजिमी है, उसे बताएं कि बहुत सी चीजें वक्त के साथ ही संभव हो पाती हैं, कल उसे भी तो प्रमोशन मिल सकता है, बस मेहनत करते रहो। इस प्रकार दो दोस्तों के दिलों में पडने वाली दीवार को समय रहते मिटाया जा सकता है।

### शिकायत करने वालों से बचें

ऐसे दोस्तों की भी कमी नहीं जिसे हमेशा आपसे कोई न कोई शिकायत रहती हो। हर बार कमी गिनाने वाले लोग पॉजीटिव सोच वाले नहीं हो सकते। अत- जरूरी है कि उसकी अधिकांश शिकायतों को उसकी आदत जान कर नजरअंदाज करना आरंभ करें। जब भी वह आपसे शिकायत करने लगे तो बात का टॉपिक ही बदल दें, यदि फिर भी वह न समझे, तो उसे साफ-साफ कह दें कि हर समय अपनी कमी सुनना अपको पसंद नहीं और वह भी अपने नैगेटिव थॉट्स छोड़ कर पॉजीटिव बातों की तरफ ध्यान दे।

### हमेशा सलाह देने वालों से बचें

कुछ लोगों की आदत होती है कि अपने फ्रैंड्स को परेशान देख कर बिना उसकी परेशानी का सबब जाने ही उसे सलाह देने बैठ जाएंगे, बिना यह जाने कि उसे इसकी जरूरत है भी या नहीं। ऐसे दोस्तों को लगता है कि आप में किसी प्रकार का फैसला लेने की क्षमता नहीं है और आपकी भलाई हमेशा उन्हें ऐसा करने को प्रेरित करती रहती है।

अब भले ही आपको यह सब बुरा लगे, पर इतनी सी बात पर दोस्ती कोई नहीं तोड़ता। अब की बार जब वह आपको बिन मांगे सलाह देने लगे तो बड़े प्यार से उसे यह समझाएं कि आप उसकी सलाह एवं राय का आदर करती हैं पर आप भी दूसरों की तरह अपनी ही गलतियों से सीखना चाहती हैं। यदि आपको उसकी सलाह की आवश्यकता होगी तो आप स्वयं उससे सलाह मांग लेंगी, तब तक उन्हें खुद ही इसका हल ढूंढने दिया जाए।

### खुद करें पहल

दोस्ती एक ऐसा फेवीकोल है जो बिखरते रिश्तों को मजबूती से जोडने का काम करता है। यदि आप किसी दूसरे से बेहतर बनना चाहती हैं, तो उसकी दोस्त बन जाएं, फिर आपको उससे प्रतिस्पर्धा करने में तनाव भी नहीं होगा और आपको एक नया दोस्त भी मिल जाएगा, जिससे आप प्रतिदिन कुछ नया सीखेंगी। नए रिश्ते बनाने में पहल किसी को तो करनी ही होती है, तो क्यों न आप ही शुरूआत करें क्योंकि प्रतिद्वंद्वी को ही अपना अच्छा दोस्त बनाने से बेहतर और क्या हो सकता है।

### बीती बातों को भुलाना बेहतर

कभी किसी दोस्त के लिए गुस्से में अपशब्द निकल गए हों तो उसे भुला कर उससे माफी मांग लें, क्योंकि बीती बातों को दोहराने का कोई लाभ नहीं। माफी मांग लेने से आप एक अच्छे दोस्त को खोने से बच जाएंगी और साथ ही उसकी नजरों में आपका स्थान और ऊंचा हो जाएगा।

# अनुवादक

## कॅरियर का बेहतरीन विकल्प



आज दुनिया भर के कई देशों में डिस्कवरी सबसे लोकप्रिय चैनल है। यह चैनल दुनिया के कई देशों में उनकी भाषा में प्रसारण करता है। ऐसा संभव होता है अनुवाद के कारण। अनुवाद एक ऐसा माध्यम है जिसने ग्लोबल दुनिया को एक-दूसरे से जुड़ने में अहम भूमिका निभाई है। दुनिया की कई भाषाओं में अच्छे अनुवादकों की आज भारी मांग है। अच्छे अनुवादकों को अच्छा काम और अच्छा पैसा मिलने की चिंता नहीं करनी पड़ती है। अच्छे अनुवादक की योग्यता- यह ध्यान रखने की बात है कि अनुवाद मूल लेखन से भी मुश्किल है। सबसे पहले आपको अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा की जानकारी हो। इसके लिए महज फर्राटे से स्पैनिश और फ्रेंच बोलने से काम नहीं चल जाता। अनुवादक का मकसद एक से दूसरे भाषा क्षेत्र में जाना होता है। इसलिए इसके लिए धैर्य, स्थिरता और समय की जरूरत होती है। अनुवाद शुरू करने से लेकर खत्म करने तक में अनुवादक को कई तरह के प्रयोग करने होते हैं। शब्दों के विकल्पों में से सटीक शब्द चुनना होता है। मूल लेखन और टारगेट रीडर के बीच की दूरी खत्म करनी होती है। यह दूरी जितनी ज्यादा कम हो जाए, अनुवाद उतना सफल होता है। अवसर- शिक्षा और मीडिया से जुड़े लोगों के बीच अनुवाद के काम की बहुत मांग है। विभिन्न दूतावासों में भी अच्छे अनुवादकों की दरकार होती है। फिल्मों और धारावाहिकों में डबिंग के लिए भी अनुवादक की जरूरत होती है। एक प्रोफेशनल अनुवादक के लिए रोजगार के कई अवसर हैं। आज देश में लगभग पांच करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें तीन भाषाओं का ज्ञान है। आने वाले समय में यह संख्या बढ़ेगी जिसके कारण रोजगार की संख्या बढ़ेगी। जिन लोगों को दो या तीन भाषाओं की अच्छी जानकारी होती है, वे अनुवादक के रूप में अच्छा करिअर बना सकते हैं। अनुवाद का मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। अनुवाद दरअसल एक सेतु है, जो दो भाषाओं, दो संस्कृतियों और दो सभ्यताओं को आपस में जोड़ता है। भूमंडलीकरण के इस दौर में अनुवादकों की माँग बहुत ज्यादा बढ़ रही है। अनुवाद करने वालों के लिए प्रकाशन गृह में हमेशा स्थान होता है। इसके अलावा फिल्मी दुनिया में भी विदेशी फिल्मों के सबटाइटल' बनाने और

भाषा संप्रेषण का माध्यम है लेकिन यदि भाषा पर अधिकार हो तो करिअर बनाने की डगर बहुत आसान हो जाती है। वैसे तो आप किसी भी क्षेत्र में अपना करिअर बनाएँ, दो या दो से अधिक भाषाओं पर अच्छी पकड़ आपको हर क्षेत्र में खास तवज्जो दिलाएगी। दो भाषाओं पर अच्छा अधिकार अपने आप में एक विशेषता है।

किसी अन्य भाषा में फिल्म की डबिंग करने के लिए अनुवादकों की आवश्यकता होती है। अखबार और पत्रिकाओं में भी अनुवाद का बहुत काम होता है, इसलिए प्रिंट मीडिया में भी अनुवादकों के लिए अवसर मौजूद होते हैं। निजी क्षेत्र के अलावा शासकीय क्षेत्र में भी अनुवादकों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध होते हैं। शासकीय दूतावासों में अनुवादक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। दूतावास में काम करने वाले अनुवादकों को विदेश जाने के अवसर एवं प्रतिष्ठापूर्ण ओहदा मिलता है। कई लोग अनुवाद को केवल हिंदी और अंग्रेजी के साथ जोड़कर ही देखते हैं। जबकि ऐसा नहीं है, अनुवाद के संदर्भ में हिंदी और अंग्रेजी का क्षेत्र बहुत विस्तृत है, लेकिन अन्य भाषाओं में भी अनुवाद के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। यदि हम अपने देश के बारे में बात करें तो हिंदी के अलावा गुजराती, मराठी, कन्नड, तमिल जैसी भाषाओं में भी अनुवादकों के लिए बहुत से अवसर उपलब्ध हैं। यदि अनुवादक के रूप में नौकरी न करना चाहें तो फ्रीलांस अनुवादक के रूप में काम किया जा सकता है। फ्रीलांस अनुवादकों के लिए भी अवसरों की कमी नहीं है। फ्रीलांस अनुवादकों के लिए इंटरनेट बहुत बड़ा अवसरदाता है। कई वेबसाइट अनुवादकों को अवसर मुहैया करवा रही है। इन साइटों पर अनुवादक अपना पंजीयन करवाते हैं।

# लग्जरी गाड़ियाँ चुराने वाले शातिर चोरों को पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले की पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों की चोरी करने वाले शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हाउसिंग बोर्ड सवाई माधोपुर से चोरी टाटा हैरियर कार को वाटिका जयपुर से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने मीडिया को जानकारी देते हुऐ बताया कि जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से 23 जनवरी को चोरी हुई टाटा हैरियर कार को कोतवाली थाना पुलिस ने जयपुर से बरामद कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए दोनों आरोपी सवाई माधोपुर जिले के ही निवासी हैं और दोनों लम्बे समय से लग्जरी गाड़ियों की




चोरी करने का काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गंगापुर सिटी सदर थाना क्षेत्र के ब्रह्मबाद निवासी आरोपी दिलीप उर्फ कुंजी गुर्जर व वजीरपुर निवासी आरोपी कुंजीलाल मीणा शातिर वाहन चोर हैं। दोनों आरोपी लग्जरी कारों की चोरी करने के लिए जयपुर से चोरी की गाड़ी से आते हैं और फिर सॉफ्टवेयर एंव लेपटॉप व टूलकिट के माध्यम से लग्जरी कार चोरी कर कार लेकर फरार हो जाते हैं। ये लोग चुराई हुई लग्जरी कार को ओने पोने दामों में बाहर ले जाकर बेच देते हैं। एसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा सवाई माधोपुर के अलावा जयपुर से भी तीन लग्जरी कारें चोरी की गई थी। जिन्हें जयपुर पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। आरोपी दिलीप के खिलाफ जयपुर, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, करौली सहित विभिन्न थानों में वाहन चोरी के साथ ही आर्म्स एक्ट में सात मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस दिलीप के साथी कुंजीलाल के खिलाफ़ दर्ज मुकदमों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसपी के मुताबिक दोनों आरोपी चोरी की गाड़ियों को बाहर अन्य राज्यों ओर ग्रामीण क्षेत्रों में ले जाकर सस्ते दामों में बेच देते है। इसको देखते हुऐ पुलिस चोरी के वाहन खरीदने वालों के बारे में भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से ओर भी वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि पुलिस इस मामले में एक आरोपी को मीडिया के सामने पेश किया जबकि एक आरोपी की बापर्दा गिरफ्तार करने की बात कही। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शातिर वाहन चोर दिलीप उर्फ कुंजी व उसका साथी कुंजीलाल मीणा किराये पर गाड़ी जयपुर से लेकर आते थे जिसकी सबसे पहले नंबर प्लेट चैंज कर उसके बाद हेरियर जैसी लग्जरी बड़ी गाड़ियों की रैकी करते थे। रैकी करने के बाद गाड़ी से 20-25 किलोमीटर दूर जाकर वहां से अपना मोबाईल बंद कर रैकी की गई गाड़ी के पास जाते हैं तथा गाड़ी के सिस्टम को फेल करने के लिए एक टूलकिट व लेपटॉप साथ रखते हैं। सबसे पहले गाड़ी के सायरन (हार्न) के तार काटते हैं

## फालना में रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



जयपुर टाइम्स

**फालना (बाली)।** फालना शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन की प्लाटून और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बाली डिप्टी राजेश यादव, फालना थानाधिकारी विक्रम सिंह संधु और सहायक कमांडेंट जय सिंह ने किया। इस दौरान डिप्टी यादव ने बताया कि यह फ्लैग मार्च क्षेत्र के अति संवेदनशील इलाकों में किया गया है ताकि भविष्य में किसी भी सांप्रदायिक तनाव या अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक रघुवीर सिंह, बल और रेक कार्मिकों ने भाग लिया। इस मौके पर सीएलजी सदस्य अमित मेहता और थाना स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और कानून-व्यवस्था मजबूत करने का संदेश दिया गया है।

## देसूरी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार-CHC अब उप-जिला चिकित्सालय

जयपुर टाइम्स

**देसूरी (पाली)।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में देसूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) को उप-जिला चिकित्सालय में अपग्रेड करने की घोषणा की गई। इस निर्णय से देसूरी सहित आसपास के दर्जनों गांवों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। देसूरी, सादड़ी, नाडोल, घाणेराव, आना और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। खासतौर पर देसूरी नाल में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, जिससे गंभीर मामलों में जान बचाने की संभावना बढ़ेगी। इस घोषणा पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की मांग की जा रही थी, जिसे अब बजट में शामिल कर लिया गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत का आभार प्रकट किया। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि यह नया उप-जिला चिकित्सालय शीघ्र विकसित होगा और जल्द ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने लगेगा।

## कोमल बराणिया ने नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल जीतकर क्षेत्र का किया नाम रोशन

जयपुर टाइम्स



**दूदू(निसं)।** दूदू क्षेत्र के गैगा गाँव में जन्मी कोमल बराणिया पुत्री श्योजीराम बराणिया ने नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोमल ने चौगान स्टेडियम जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में परचम लहराया हैं। कोमल व शैफाली दोनों बहने राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक राजू धेतरवाल, भाजपा नेता बनवारी लाल गियाड, समाज सेवी रामचंद्र बरकेस्या, गोगराज बराणिया सहित ग्रामीणों ने कोमल को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़े अधिकारी

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) का आयोजन जिला मुख्यालय पर 27 फरवरी को दो पारियों में एवं 28 फरवरी को एक पारी में किया जाएगा। जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष रीट परीक्षा सवाई माधोपुर शुभम चौधरी ने 25 से 28 फरवरी तक केन्द्राधीक्षक/अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक/केन्द्र पर्यवेक्षक/पेपर कोर्डिनेटर/फ्लाइंग कम ओएमआर कोर्डिनेटर/वीक्षक एवं रीट परीक्षा-2024 में लगे हुए समस्त कार्मिक व शिक्षा विभाग के अन्य समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों सहित आवश्यक सेवओं बिजली, पानी, चिकित्सा के अधिकारी एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडने के निर्देश दिए है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन की परिवेदनाओं का पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में निस्तारण कर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 20 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

## विराटनगर में अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त बनेगा बस स्टैंड

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** राजस्थान में बजट घोषणा के अंतर्गत विराटनगर क्षेत्र को भी कई सौगात मिली है वहीं विराटनगर के विधायक कुलदीप धनकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि "विकसित राजस्थान - अग्रणी राजस्थान" के संकल्प के साथ वर्ष 2025-26 का सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट प्रस्तुत बुधवार को हुआ है ।जिसमें विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी अनेकों सौगात शामिल है।जिसमें सीएचसी विराटनगर को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने, विराटनगर शहर में सीवरेज लाईन,विराटनगर कस्बे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड, कुहाड़ा व रामपुरा उपस्वास्थ्य केन्द्रों पीएचसी में क्रमोन्नत जैसे ऐतिहासिक सौगात देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## तखतगढ़ में मोबाईल कैसर स्क्रीनिंग शिविर में 66 लोगो की हुई स्क्रीनिंग




### 21 फरवरी को सोजत सिटी में होगा कैप

जयपुर टाइम्स

**पाली(निसं.)** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत बुधवार को सुमेरपुर के तखतगढ़ कस्बे में मोबाइल कैसर स्कीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 66 लोगों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया गया तथा सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से कैंसर की पहचान व जल्द निदान के लिए प्राप्त मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन जोधपुर मेडिकल कॉलेज से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत बुधवार 19 फरवरी को तखतगढ़ कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। तखतगढ़ के सीएचसी में मोबाइल कैसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अनिल राजानी, डॉ इमरान खान, डॉ मनीष कच्छवाह, डॉ मोहीत शर्मा, उमर फारूख, सुशीला चौधरी, शारदा चौधरी, वर्षा नैनवानी ने शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के 66 लोगों की स्कीनिंग कर उपचार दिया गया। स्कीनिंग के दौरान गुटखा खाने वाले व्यक्तियों व महिलाओं की बीमारी से सबंधित महिलाओं की स्कीनिंग की गई। सीएमएचओ डॉ मारवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत 21 फरवरी शुक्रवार को सोजत सिटी के जिला अस्पताल में मोबाइल कैसर स्कीनिग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## पोयणा में माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रस्तावित को लेकर पुखराज ने कैबिनेट मंत्री को लिखा पत्र



### मंदिर तक सीसी रोड बनाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम पोयणा में स्थित एक मात्र सार्वजनिक खेड़ा देवी माताजी का मंदिर आया हुआ है। इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 01 मई से 03 मई 2025 को प्रस्तावित है। इस मंदिर तक आने जाने के लिए सीसी रोड़ नहीं है जिसके चलते श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर पोयणा माताजी सेवा संस्थान सचिव पुखराज कुमावत ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत को पत्र लिखकर मंदिर तक सीसी रोड बनाने की मांग की। कुमावत ने पत्र में बताया कि गांव पोयणा में तीन दिवसीय माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया है जिसकी ग्रामीणों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दीं गई हैं। यह मंदिर नदी की रपट से मात्र 500 मीटर दूर है मंदिर परिसर तक जाने के लिए रोड का अभाव है जिसके कारण कई बार छोटे बड़े वाहन रेत में फंस जाते हैं और दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सचिव पुखराज कुमावत ने मंत्री कुमावत से कहां की आयोजन से पहले सीसी रोड की अतिआवश्यकता है। अगर नदी की रपट से सीसी रोड को जोड़ा जाए तो ग्रामीणों के साथ श्रदालुओं को इस गंभीर समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि गांव का एक मात्र अम्बे माताजी का मंदिर है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 01 मई से शुरू होगा जोकि 03 मई को समापन होगा। नदी की रपट से चंद मीटर की दूरी पर मंदिर है मंदिर परिसर तक जाने हेतु सीसी रोड की बहुत आवश्यकता है। इसको लेकर माताजी सेवा संस्थान सचिव पुखराज कुमावत ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत को पत्र लिखकर कार्यक्रम से पूर्व 500 मीटर तक शीघ्र सीसी रोड बनाने की मांग की है। यह सड़क बनने से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

## उदयपुर में जल मंत्रियों के अखिल भारतीय सम्मेलन का समापन, जल प्रबंधन पर केंद्रित रहा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**उदयपुर(निसं.)।** उदयपुर में आयोजित जल मंत्रियों के द्वितीय अखिल भारतीय सम्मेलन का सोमवार को समापन हुआ। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए जल संरक्षण और प्रबंधन की दिशा में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके जल प्रबंधन के कार्यों को आज की जल नीति के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और जल शक्ति मंत्रालय निरंतर इस दिशा में कार्य कर रहा है। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के जल मंत्रियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान जल संरक्षण और प्रबंधन के व्यावहारिक समाधानों पर जोर दिया गया। पाटिल ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में भारत के जल प्रबंधन मॉडल की सराहना की गई थी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिवर सिटी एलायंस जैसी पहल पर भी चर्चा हुई। उन्होंने नमामि




गंगे अभियान की सफलता का उल्लेख करते हुए अन्य नदियों के संरक्षण के लिए भी इसी प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया। पुनः उपयोगित जल को जल संसाधनों के सतत उपयोग के लिए आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि सूरत में इस तकनीक से 600 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सम्मेलन में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया और जल प्रबंधन के नवाचारों पर विचार साझा किए। पाटिल ने कहा कि यह सम्मेलन तभी सार्थक होगा जब अगले आयोजन से पहले सभी राज्य ठोस कार्ययोजनाओं को लागू करेंगे। उन्होंने जल संरक्षण और जल प्रबंधन को सामूहिक लक्ष्य बताते हुए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया और "जल सुरक्षित भारत" के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### खोया पाया

मैं सीताराम शर्मा पुत्र श्री सूजी लाल निवासी ग्राम हिंगोनिया तहसील बस्सी जिला जयपुर सर्वसाधन को सूचित करता हूं कि मेरे 10/IA/26,10/IAB/66 का विनिमय पत्र संख्या 10/IAB/218,10/IA/04 रास्ते में कही खो गया है, यदि किसी को मिलता है तो मेरे मोबाइल नंबर 9799999168 पर सूचित करें।

### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU

secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in e-mail: sephedchuru@gmail.com

So. TA/Churu/2024-25/ 3401-3429 Dated 07/2/2025

**E-NOTICE INVITING BID (32-42/2024-25)**

Bids for 11 nos. works of total Rs. 1560.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 24.02.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https:// sppp. rajasthan.gov.in of the state and phed tenders.raj.nic.in department website and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN PHE2425WSRC09370
UBN PHE2425WSRC09351
UBN PHE2425WSRC09352
UBN PHE2425WSRC09354
UBN PHE2425WSRC09373
UBN PHE2425WSRC09375
UBN PHE2425WSRC09371
UBN PHE2425WSRC09376
UBN PHE2425WSRC09372
UBN PHE2425WSRC09366
UBN PHE2425WSRC09368

DIPR/C/1919/2025

**Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.**

प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी-नगरपालिका मण्डल मनोहरपुर जिला जयपुर

### लोक सूचना

क्रमांक : न.पा.म./2024-25/1676 दिनांक 19/02/2025

निम्नांकित खातेदार ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का कृषिक से गैर-कृषिक प्रयोजनार्थ भू-रूपांतरण हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया हैं अर्थातः-

| खातेदार का नाम | तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| गीता पत्नी खेमचन्द जाति अहीर निवासी वार्ड नं. 2 कस्बा मनोहरपुर तहसील शाहपुरा जिला जयपुर | तहसील शाहपुरा जिला जयपुर | मनोहरपुर | 9161/1009 | 0.1045 हैक्टेयर |
| | | | 9163/1007 | 0.1459 हैक्टेयर |
| | | | 9166/1008 | 0.2127 हैक्टेयर |
| | | | 9168/9147 | 0.0526 हैक्टेयर |
| | | | अर्थात कुल क्षेत्रफल | 5157 वर्गमीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 कि अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ताके समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19/02/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पालिका मण्डल मनोहरपुर जिला-जयपुर

दिनांक 19/02/2025

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

क्रमांक- 1218-26 दिनांक- 11-2-2025

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | अल्पकालिन खुली/बोली संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 51/2024-25 | Ditch Ffencing कार्य रेज सुजानगढ | 2.32 लाख | FOR2425WSOB04443 |
| 2 | 52/2024-25 | Construction of Dark room & Fodder store at jasvantgarh Enclosure कार्य (As per G Schedule) | 2.00 लाख | FOR2425WSOB04444 |
| 3 | 53/2024-25 | Creation of patrolling & Watcher Track in jaswantgarh (As per G Schedule) | 4.36 लाख | FOR2425WSOB04445 |
| 4 | 54/2024-25 | Construction of Choki at jaswantgarh कार्य (As per G Schedule) | 4.29 लाख | FOR2425WSOB04446 |
| 5 | 55/2024-25 | Construction of Watcher Choki at jaswantgarh Wetland area year 2024- 25 कार्य (As per G Schedule) | 4.29 लाख | FOR2425WSOB04447 |
| 6 | 56/2024-25 | Construction of Tube and Bore Hole Range Sujangarh at Luv kush Vatika Gopalpura कार्य (As per G Schedule) | 0.97 लाख | FOR2425WSOB04448 |
| 7 | 57/2024-25 | Range Campus churu building repair and gurd room with facilities कार्य (As per G Schedule) | 4.48 लाख | FOR2425WSOB04449 |
| 8 | 58/2024-25 | पत्थर की बैच की सप्लाई गय फिक्सिंग कार्य (As per G Schedule) | 1.70 लाख | FOR2425WSOB04450 |

अल्पकालिन खुली बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट 222. sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है

DIPR/C/1974/2025

उप वन संरक्षक, चूरू

# वार्षिकोत्सव में दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में विद्यालय के वार्षिकत्सव 'आरोहण' में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के वंदना के पूजन के साथ मुख्य अतिथि डॉ हरिसिंह सहारण, मुख्य अतिथि,राजपाल सैनी (सरपंच पाटोदा), फूलसिंह (पूर्व कोषाध्यक्ष चूरु), कैप्टेन जाफर खान, चन्द्रपाल सिंह शेखावत (भाजपा युवा नेता पाटोदा) विशिष्ट अतिथि इकबाल खान (पूर्व सरपंच पाटोदा), संजय शर्मा (निदेशक गोविन्द शिक्षण प्रशिक्षण बिसाऊ),गरिमा चाहर (प्रधानाचार्य पी.एम. श्री सेठ दुर्गादत जटिया स्कूल, बिसाऊ), महेश सिहाग ( निदेशक राजस्थान पब्लिक स्कूल, बिसाऊ), निर्णायक विनोद भार्गव (प्रधानाध्यापक सेवानिवृत), जसवंत सिंह (सेवानिवृत अधिकारी),पूनम (प्राचार्य गोविन्द्र शिक्षण प्रशिक्षण बिसाऊ) संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह, इंजी नवीन सिहाग, विनोद, डॉ पुष्पा चौधरी ने कार्यक्रम का शुरुआत की। संस्था सदस्यों ने कार्यक्रम में अतिथियों को दुपटटा पहनाकर, रुमाल पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिसाऊ व आस पास के गांवों से पधारी हुई विद्यालय की टीमों ने भाग लिया। जिसमें सभी विद्यार्थीयों ने एक से बढकर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था की ओर से पूरे सालभर में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों, बोर्ड परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने, विद्यालय में नेशनल खेल, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने, विभिन्न प्रतियोगिता जैसे नीट, जे.ई.ई,राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, सैनिक, नवोदय आदि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय की ओर से क्षेत्र के विभिन्न गांवों के विद्यार्थीयों को कम फीस पर कोटा की कोचिगों की तर्ज पर आयोजित फाउण्डेशन कक्षाओं का संचालन पिछले वर्ष से विद्यार्थीयों के लिए संचालित किया जाता रही है। विद्यालय की ओर से आयोजित वर्ष 2024 में सरकारी सेवाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र/छात्राओं का सम्मान भी किया गया। विद्यालय के वर्ष 2024 के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी जिन्होने अपनी कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उन्हे पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की ओर से आयोजित टैलेन्ट हंट प्रतियोगिता जिसमें कस्बे के आसपास के गांवों के 2500 से ज्यादा छात्र/छात्राओं ने भाग लिया उनमें प्रथम स्थान पायल कक्षा 10 साइकिल, मोमेन्टो, प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पल्लवी शर्मा कक्षा 8 क्रिकेट कीट, मोमेन्टो, प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान जयंत कक्षा 7 बैडमिन्टन किट, मोमेन्टो, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय का उद्येश्य विद्यार्थी को कम फीस में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना जिससे उनको शारिरीक व मानसिक विकास हो सके। इस मौके संस्था चेयरपर्सन पुष्पा चौधरी ने अपने अभिभाषण में बच्चों को मोबाइल के दुष्परिणाम से अवगत करवाया। 'आरोहण' नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम 1. पीएमश्री सेठ दुर्गादत जटिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिसाऊ(5100 रुपये) द्वितीय राजकीय रुहिया स्कूल रामगढ (3100 रुपये) तृतीय प्रिन्स स्कूल चूरु (2100 रुपये) व प्रतिभागी टीमों को 1100 रुपये स्थान पर रहने वाली टीमों को प्रतीक चिन्ह,प्रमाण पत्र व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ नवीन सिहाग ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों को विद्यालय स्तर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम व विद्यालय के स्पोर्टस एकेडमी के माध्यम तैयारी कर अपने जीवन को बेहतर बना सकते है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शारिरिक शिक्षक सुरेन्द्र कुमार ने किया।

## हेल्थ कैंप के दूसरे दिन मानसिक स्वास्थ्य पर दिया विशेष ध्यान

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ऋषि कुल विद्यापीठ में स्कूल हेल्थ कैंप आयोजन के दूसरे दिन बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर मनोचिकित्सक डॉ. अशोक सिंसिनवार ने छात्रों के लिए एक इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन, डिप्रेशन, एडीएचडी, ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर, एंग्जायटी डिसऑर्डर और आत्महत्या के विचार जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। वही डॉ. अभिषेक पारीक ने स्कूल के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों व अभिभावकों को इस विषय में जागरूक किया।विद्यालय की प्राचार्या एवं निदेशिका सुनीता चुड़ीवाला ने इस महत्वपूर्ण सत्र के लिए डॉ. अशोक सिंसिनवार का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर डॉ. विवेक खीरवाल और डॉ. गायत्री ने भी विद्यार्थियों की चिकित्सा जांच की।




## विकसित राजस्थान परिकल्पना साकार होगी- सैनी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी ने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान की दिशा में एक बड़ा कदम है। वे बुधवार को नगर पालिका के पीछे आयोजित बजट प्रस्ताव के जश्न कार्यक्रम में बोल रहे थे। वरिष्ठ पार्षद मो0 इब्राहिम ने कहा कि कमोबेश सभी वर्गों को साधने की कोशिश की गई है। इब्राहिम ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों को लाभ देने वाला पहला ग्रीन बजट है। विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह बजट पेश किया गया है। इस दौरान मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, वरिष्ठ पार्षद मो इब्राहिम, महेश जोशी, शिवचरण गाड़ोंदिया, दीपक खाण्डल, नेमीचन्द बालाण, प्रमोद राकसिया, नरेश सैनी, सलामुदीन रंगरेज आदि उपस्थित रहे।

## निशुल्क मैडिकल कैंप 23 को

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) की ओर से जयपुर के सी के बिड़ला हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम की ओर से 23 फरवरी को विद्यालय कैंपस में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन सहित अन्य डॉक्टर्स की टीम अपनी सेवाएं देगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार जांगिड़ ने बताया कि उक्त मेडिकल कैंप में विभिन्न जांच सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में डॉक्टर्स की टीम से जो व्यक्ति परामर्श लेना चाहते हैं वे ऑनलाइन फॉर्म से अपना रजिस्ट्रेशन करें जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो सके।

## एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम 24 को, पोस्टर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सोमानी गैस एजेंसी के पास स्थित श्याम मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन महोत्सव एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन 24 फरवरी को होगा। कार्यक्रम में कोलकाता के नवीन जोशी, मोनू मोर व शेखावाटी के लोकगायक पवन शर्मा निर्मल बाबा के दरबार में शानदार भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाकर अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्य ज्योति, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, बाबा का खजाना, गजरा नृत्य, धमाल व छप्पन भोग की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्याम मंदिर प्रांगण में पुजारी रवि जोशी व सर्व सिद्दि विनायक गणेश मंदिर में मांगीलाल पुजारी के सानिध्य में पंपलेट का विमोचन व वितरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर श्याम मंदिर पुजारी रवि जोशी, दिनेश बजाज, आकाश झुरिया, सुनील सोनी, शिव कुमार गठेलवाल, अमित खुड़ीवाला, आकाश सैनी, अनमोल सुरेका, लकी कुमावत, रजत कुमावत, दीपक कुमावत, सतपाल सिंह, तिलक वर्मा, सुधीर सिंह, अंकित जाजोदिया, अमित बजाज, हरीश, मयंक शर्मा सहित श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## फर्जी पट्टा बनाकर जमीन पर कब्जा करने के आरोपियों को 5 साल की सजा

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** एसीजेएम न्यायालय ने बुधवार को 2009 के पुराने प्रकरण में फर्जी व कूटरचित पट्टा तैयार करने के अपराध में दो आरोपियों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया है। राज्य की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजन अधिकारी कुलदीपसिंह जोधा ने बताया कि एसीजेएम अरुणकुमार जांगिड़ ने ग्राम पंचायत बीनादेसर की एक विवादित भूमि का फर्जी व कूटरचित पट्टा तैयार करने गंभीर अपराध में पूर्व सरपंच परसनाथ पुत्र नौरंगनाथ की ओर से दर्ज करवाए गए प्रकरण में बीनादेसर निवासी 67 वर्षीय भीखाराम शर्मा और राजलदेसर निवासी 65 वर्षीय भूराराम साटिया को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की तरफ से सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान करवाए गए और सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया गया। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश शर्मा ने अभियुक्तों के फिंगरप्रिंट भी लिए।

## महनसर के लिए 20 करोड़ की घोषणा, जिले में पर्यटन क्षेत्र का होगा विकास

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने बजट पेश कर दिया है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में झुंझुनूं को कई सौगात दी है। मंडावा कस्बे को क्लीन और ग्रीन ईको सिटी बनाने की घोषणा की गई है। इसके साथ जिले के महनसर को पर्यटक क्षेत्र में विकसित के लिए 20 करोड़ रूपए की सौगात दी गई है। जनता की समस्याओं का निराकरण के लिए 10 लाख रुपए से प्रत्येक विधानसभा में विधायक सुनवाई केंद्र बनेगा। एमएलएलैड स्कीम के तहत बनेगा। हर निकाय में पिंक टॉयलेट बनेंगे, पैरामेडिकल कार्मिकों के पद सृजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी में सप्ताह में 5 दिन बच्चों को दूध दिया जाएगा। इसमें 200 करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। 3500 करोड़ का मा फंड बनाने की घोषणा की गई है, इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में काम होंगे, मा योजना में प्रदेश के बाहर भी इलाज करवा सकेंगे। पॉर्टबलिटी स्कीम लागू होगी, 70 से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना में नए पैकेज जोड़े जाएंगे। आयुष पैकेज भी जुड़ेंगे। सभी जिला अस्पतालों में डायबिटिक क्लीलिक खुलेंगे। सभी पीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीन लगेंगी, कारीगरों की आंखों की फ्री जांच करके चश्मे दिए जाएगे। महनसर में पुरानी हवेलियां हैं। हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। यहां 200 साल पुरानी हवेली भी हैं, जो सोने की हवेली के नाम से जानी जाती है। सेठ हरकंठ राय ने 1905 में हवेली का निमार्ण करवाया था। सेठ हरंकठ राय सोने का व्यापार करते थे। चीन, जापान सहित अन्य देश व्यापार करने जाया करते थे।

### बजट में ये घोषणाएं

मंडावा कस्बा अब क्लीन और ग्रीन ईको सिटी बनेगा। राज्य सरकार ने बजट में इसकी घोषणा की इसके लिए 900 करोड़ की घोषणा की है।

## खाना खाने की बात को लेकर शादी समारोह में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में शादी समारोह में युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। खाना खाने की मामूली सी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। घायल युवक ने जयपुर पहुंचने से पहले बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना बीती रात 11.30 बजे मंड्रेला कस्बे के वार्ड नं. 19 भार्गव मोहल्ले की है। यहां रमेश भार्गव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। रमेश आज बेटे को एग्जाम के लिए दिल्ली लेकर जाने वाला था लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। रमेश एस्ट्रोलॉजर का काम करता था। मंड्रेला थानाधिकारी सुरेश रोलन ने बताया कि घटना भार्गव कॉलोनी की है। यहां एक शादी समारोह में रमेश भार्गव निवासी मंड्रेला हाल आबाद दिल्ली की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। रात को परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनूं भेज दिया। यहां हालत गंभीर पर जयपुर रेफर कर दिया। लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### शादी की खुशियां मातम में बदली

मृतक रमेश भार्गव दूल्हे के परिवार की तरफ से दिल्ली से अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए हुआ था। यहां खाना खाने की बात को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद विवाद हुआ। इस दौरान मण्ड्रेला निवासी राजू भार्गव और रमेश से मारपीट हुई। उसके बाद आरोपी राजू भार्गव ने रमेश में पेट में चाकू घोंप दिया। घटना के बाद समारोह में आफरतफरी मच गई। घायल को तुरंत ही अस्पताल लेकर गये। घटना के समय शादी में आए ज्यादातर लोग जा चुके थे और परिवार के लोग ही मौजूद थे। घटना के बाद कई लोग शादी छोड़कर घायल के साथ अस्पताल चले गए। मौत की सूचना पर शादी की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को तुरन्त डिटेन कर लिया था। पूछताछ की जा रही है। अभी गिरफ्तार नहीं दिखाया है। मृतक के परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मृतक रमेश के बेटे का मंगलवार को एग्जाम था और वह वापस दिल्ली जाने वाला था।

## नेतदादा क्रिकेट टूर्नामेंट में कालवासिया बनी चैंपियन



### पवन नायक बने मैन ऑफ द सीरीज

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव आसपालसर में आयोजित नेतदादा क्रिकेट प्रतियोगिता में कालवासिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल में आसपालसर की टीम उपविजेता रही। समाजसेवी श्रीराम प्रजापत और किशनलाल तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल और 5,100 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। टूर्नामेंट में आसपालसर के पवन नायक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। पवन को 1,100 रुपए का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया और मैनेजमेंट टीम की सराहना की। इस अवसर पर युसुफ खान, मांगीलाल, रमेश तिवारी, रतन स्वामी, विक्रम स्वामी, लेखराम, सांवरमल गुरुजी, जय प्रकाश जांघू, अनुप जांघू, प्रदीप जांघू, लालचंद नायक, नानूराम, रमेश कटारिया, देवा जांगिड़, मेहरचंद, मनोज, कुलदीप, ज्ञानीराम और गोपीचंद सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संचालनकर्ता युसुफ ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान माह फरवरी 2025 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशनुसार तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ में अपर जिला व सेशन न्यायाधीश श्वेता शर्मा के निर्देशन में पेनल अधिवक्ता बाबूलाल ढाका की ओर से बुधवार को यहां वार्ड 37 मे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और परिवारों में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्याधर सिंह, आनंद कुमार, परमेश्वर, राकेश, चिरंजीलाल व भूपेंद्र सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी बजट जन-जन की आकांक्षाओं व आशाओं को करेगा पुरा- पटेल

### विधायक हंसराज पटेल ने दी राजस्थान बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया

### मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व वित्त मंत्री डिप्टी सीएम दिया कुमारी का जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** वित्त मंत्री के रूप में डिप्टी सीएम दिया कुमारी द्वारा बुधवार को राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किये गये भजन लाल सरकार के द्वितीय एवं प्रदेश के बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि यह जनकल्याणकारी बजट गरीब, महिला, युवा, अन्नदाता समेत प्रदेश के जन-जन की आकांक्षाओं व आशाओं को पूर्ण करने में सफल होगा। पटेल ने सीएम व डिप्टी सीएम का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह बजट राजस्थान के साथ-साथ कोटपूतली के सर्वांगीण विकास व आर्थिक समृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करेगा। साथ ही आस्था, अन्त्योदय व अर्थव्यवस्था पर केन्द्रित यह बजट आमजन के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय भी जोड़ेगा। बजट में राजस्थान के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास एवं समग्र उन्नति को समर्पित जन हितकारी एवं लोक कल्याणकारी घोषणायें की गई है। पटेल ने कहा कि नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ को डीजे कोर्ट के साथ-साथ नवीन सीजेएम एवं एसीजेएम कोर्ट स्वीकृत किये गये है जो कि नवगठित जिले में वकीलों, पक्षकारों व आमजन के लिये काफी सुविधाजनक सिद्ध होगा। इसी प्रकार ग्राम मोरदा व जगदीशपुरा में 33/11 केवी जीएसएस, ग्राम कुहाड़ा में सीएचसी, कोटपूतली में महाविधालय स्तर का राजकीय बालिका छात्रावास एवं विधालय स्तर का सावित्री बाई फूले छात्रावास स्वीकृत किया गया है। साथ ही अम्बेडकर छात्रावास के पुर्ननिर्माण जैसी योजनायें विधार्थियों के लिये लाभकारी सिद्ध होगी। इसी प्रकार रोड़वेज बस स्टैण्ड की मरम्मत के लिये 88 लाख रूपये, बुचारा बांध से भोडल्क्या की ढ़ाणी तक 02 करोड़ रूपयों की लागत से सडक़ निर्माण एवं विभिन्न सडक़ों की मरम्मत हेतु 10 करोड़ रूपयों की राशि स्वीकृत किये जाने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं में की गई घोषणायें क्षेत्र के आधारभूत ढ़ांचे को मजबुत करेगी। वहीं नवगठित जिला हेतु साईबर थाना एवं उप कारागृह को जिला कारागृह में परिवर्तित करने से कानून व्यवस्था में मजबुती मिलेगी। विगत वर्ष स्वीकृत कोटपूतली से किशनगढ़, कोटपूतली से बीकानेर व कोटपूतली से श्री गंगानगर ग्रीन फील्ड एक्सप्रैस वे की डीपीआर निर्माण के बाद इनका निर्माण कार्य शुरू होना क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के नये द्वार खोलेगा। विधानसभा स्तर पर प्रस्तावित जन सुनवाई केन्द्र परिवादियों की समस्या के निस्तारण में उपयोगी सिद्ध होगा। किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने, एमएसपी पर बोनस बढ़ाने, 05 लाख नये घरेलू कृषि कनेक्शन, 150 यूनिट फ्री बिजली एवं समाज कल्याण पेंशन की राशि बढ़ाये जाने जैसे अनेक बजटीय प्रावधान प्रदेश में आर्थिक विकास एवं समृद्धि के नये द्वार खोलेगें।

## स्काउट गाइड जंबूरी में दिखाये दमखम, प्रतियोगिता में कोटपूतली टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली जिला जंबूरी में स्थानीय संघ कोटपूतली ने शानदार प्रदर्शन करते हुये विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जंबूरी में कोटपूतली के 88 स्काउट व 12 स्काउट मास्टर ने भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सचिव रामबीर यादव व एडीसी प्रशिक्षण हंसराज यादव ने बताया कि 13 से 18 फरवरी तक आयोजित किये गये आयोजन में गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गोवर्धनपुरा, राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली, दीपक पब्लिक स्कूल कोटपूतली, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ब, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरुण्ड, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा खुर्द, गुरु शिखर उच्च माध्यमिक विद्यालय दादूका, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेठी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहाड़ा ने सहभागिता की। वहीं गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गोवर्धनपुरा के 23 बालकों ने विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन किया। इन स्काउट बालकों ने झांकी प्रदर्शन, फैशन शो, फूड प्लाजा, रंगोली, स्किलोरामा, ऐस्टीमेशन, प्राथमिक सहायता, पेट्रोल पायनियरिंग, पेट्रोल इन काउंसिल, कैंप क्राफ्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। जिसमें ऐस्टीमेशन और पेट्रोल इन कौंसिल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्थानीय संघ कोटपूतली के असिस्टेंट लीडर सीताराम गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिताओं में कोटपूतली स्थानीय संघ के बालकों ने मेहनत व लगन के साथ सहभागिता की एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कोटपूतली का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर कोटपूतली स्थानीय संघ स्काउट को समापन समारोह में जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा, स्टेट कमिश्नर अखिल शुक्ला, राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुयश लोढ़ा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, स्टेट कमिश्नर शकुंतला वैष्णव, राज्य संगठन आयुक्त पूर्ण सिंह शेखावत सहित जयपुर जिले के सीओ स्काउट शरद कुमार शर्मा व सीओ गाइड रितु शर्मा ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कोटपूतली स्थानीय संघ को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर स्थानीय संघ कोटपूतली के प्रधान मनोज चौधरी, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर भागीरथमल मीणा, गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अमर सिंह यादव, प्रधानाचार्य अनिल रावत, कमलेश कुम्हार, हंसराज यादव, संदीप कुमार जांगिड़, अतुल कुमार आर्य, मुकेश सैनी, रोहिताश सैनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

## जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर

**कोटपूतली(निसं.)** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जायेगा। एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के तहत 20 से 22 फरवरी तक तहसील कोटपूतली की ग्राम पंचायत नारहेड़ा, तहसील बानसूर की ग्राम पंचायत खेड़ा, तहसील बहरोड़ की ग्राम पंचायत महाराजावास, तहसील पावटा की ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज, तहसील नीमराना की ग्राम पंचायत फौलादपुर, तहसील नारायणपुर की ग्राम पंचायत नयाबास, तहसील विराटनगर की ग्राम पंचायत लुहाकना कलां में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# मायड़ भाषा संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** मायड़ भाषा संघर्ष समिति के तत्वावधान मे बुधवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें 21 फरवरी को अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संयोजक गोपाल स्वामी बताया कि इस बार समिति की ओर से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मायड़ भाषा संघर्ष समिति के सहसंयोजक विकास सारस्वत, अजीत सिंह राठौड़, मुखराम सिद्ध, परमेश्वरलाल पारीक, पवन शर्मा, सुभाष झोरड़, विकास सिंह, रमन शर्मा, मनोज मीणा, शिवम स्वामी, सुरेन्द्र सुथार आदि उपस्थित रहें।

# किसानों को बताए उच्च तापमान से बचाव के उपाय



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू कृषि विभाग के कृषि अधिकारी पौध संरक्षण विजय पुरी ने सरदारशहर उपखंड के भादासर, मीतासर और भोजूसर गांवों का दौरा किया। उन्होंने किसानों को गेहूं और सरसों की फसलों में अच्छी पैदावार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कृषि अधिकारी विजय पुरी ने किसानों को सरसों, सौंफ जीरा ईसबगोल, मेथी में तेलिया/मोयला बचाव के उपाय बताते हुए। कृषि अधिकारी पुरी ने कहा कि गेहूं की फसल के लिए उन्होंने कई उपाय बताए। बूटलीफ और एन्थेसिस अवस्था पर पोटेशियम नाइट्रेट के 2 प्रतिशत घोल का छिड़काव करने की सलाह दी। बालियां आने के समय एस्कोर्विक अम्ल के 100 पीपीएम घोल का छिड़काव करने से अधिक तापमान का असर कम होता है। उच्च तापमान से बचाव के लिए विशेष उपाय बताए गए। बीज भराव और बीज निर्माण की अवस्था में सीलिसीक अम्ल का छिड़काव फायदेमंद होता है। पानी की उपलब्धता के अनुसार एक या दो अतिरिक्त सिंचाई की सलाह भी दी गई। सरसों की फसल के लिए भी विशेष सुझाव दिए गए। फसल को पकाव के समय सूखे से बचाने के लिए पोटेशियम नाइट्रेट का घोल बनाकर फूल और फली की अवस्था में छिड़काव करने को कहा गया। इस दौरान सहायक कृषि अधिकारी जगराम, कृषि पर्यवेक्षक राकेश जाखड़, अमित चौधरी और सरोज बाला भी मौजूद रहे।

# गुरुकुल कम्प्यूटर का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 28 की पार्षद रेखा शर्मा ने क्षेत्र के मॉडर्न स्कूल के पास स्थित गुरुकुल कम्प्यूटर का उद्धघाटन किया। गुरुकुल कम्प्यूटर के संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के महिला व बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना के तहत महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा व महिलाओं व बालिकाओं को बेसिक कोर्स, ऑफिस व इन्टरनेट से सम्बन्धित पाठ्यक्रम सिखाया जाएगा। इस अवसर पर चयनित सभी महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क पुस्तकें व पेन देकर कम्प्यूटर पर प्रशिक्षण की कक्षाएं शुरू की गई। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, हर्ष शर्मा, आदिल खान, कार्तिक ओझा, रमाकांत प्रजापत, नदीम खान, वासु पारीक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन सेवा केन्द्र में गुरुवार को सुबह 11 बजे जिला स्तरीय जन सुनवाई व समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर जिलेभर से आए लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

# इंदौरिया ने जांदवा में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा गौरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदौरिया ने कार्यकर्ता संपर्क अभियान के अंतर्गत बुधवार को गांव जांदवा में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर इंदौरिया का ग्रामीणों ने दुपट्?टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान भजनलाल सरकार ने आम



बजट में 150 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा की है। मुफ्त बिजली के लाभार्थी परिवारों के घरों पर सोलर प्लेट लगाई जाएगी, जिनके घरों पर स्पेस नहीं है, वहां सामुदायिक सोलर प्लांट लगाकर उन्हें लाभ दिया जाएगा। बजट में पांच लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन व पांच हजार नए कृषि कनेक्शन की भी घोषणा की गई है, जो किसानों, दूरदराज ढ़ाणियों में रहने वाले लोगों के लिए वरदान साबित होगा। साथ ही पीएम किसान निधि बढ़ाकर 9 हजार रुपए करने की घोषणा करके भाजपा सरकार ने गरीब व मध्यम वर्ग के किसान को संबल देने की ओर अपना कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष महावीरसिंह इंदा, बाबूलाल शर्मा, रामनिवास स्वामी, गणेशराम, राहुल शर्मा, भवानीसिंह, पर्वतसिंह, कुरदाराम नाई, सरिता शर्मा, सुप्यार कंवर, भंवरसिंह, इंदा, रिछपाल नायक, रघुवीर खीचड़, बनवारीलाल, धापूदेवी, भगवानी देवी, समदरसिंह, महावीरसिंह, प्रहलाद जांगिड़, आशीष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# ढाणी कालेरा को भोजरासर से हटाकर रामसीसर पंचायत में जोड़ने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के गांव ढाणी कालेरा के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में डेयरी अध्यक्ष लालचंद मूंद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीम डॉ दिव्या चौधरी को ग्राम पंचायत भोजरासर से हटाकर वापस ग्राम पंचायत रामसीसर भेड़वालिया पंचायत में जोड़ने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डेयरी अध्यक्ष लालचंद मुंड ने बताया कि गांव से ग्राम पंचायत मुख्यालय जाने के लिए रामसीसर से होते हुए वाया सरदारशहर होते हुए मेगा हाईवे से भोजरासर जाना पड़ता है। जिसकी दूरी 32 किलोमीटर है। ग्रामीणों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। जबकि ग्राम पंचायत रामसीसर भेड़वालिया में जोड़ने के लिए मात्र 4 किलोमीटर दूरी है। वापस रामसीसर में जोड़ा जाए अगर नहीं जोड़ा गया तो मजबूर होकर गांव के ग्रामीणों को बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा। एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने बताया कि जो भी आपकी उचित मांग है। हमारे गाइडलाइन के अनुसार है, वह शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास करेंगे और हमारे उच्च अधिकारियों को इसके बारे में ज्ञापन दिया है जो आगे भेज दिया जाएगा। इस मौके पर गांव के बीरबल राम धोटिया, बजरंग लाल, बीरबल, डालाराम प्रजापत, नानूराम भाकर, दीपाराम, सांवरमल, ओमप्रकाश, गणेश, बजरंग लाल और फूलराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# माता सीता के स्वयंवर का सुनाया प्रसंग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान में गुरु गोरखनाथ जी जाहरवीर जी गोगाजी गौशाला समिति मीतासर की ओर से चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा वाचक शंकर दास जी महाराज ने भगवान श्रीराम-माता सीता के मिलन व माता सीता के स्वयंवर का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि पुष्प वाटिका प्रसंग में सीता जी ने माता गौरी से राम जी को वर के रूप में मांग लिया। तब माता गौरी ने मन चाहे वर प्राप्ति का वरदान दिया। सीता स्वयंवर के समय घोषणा की गई थी कि जो वीर भगवान शिव के धनुष पिनाक की प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे तोड़ देगा। उससे सीता जी का विवाह किया जाएगा। स्वयंवर में आये राजाओं ने बहुत कोशिश की, कोई तिल भर भी धनुष नहीं हिला पाया। जिसे देखकर राजा जनक निराश हो गए। उन्होंने परेशान होकर कहा कि मेरी बेटी सीता का विवाह कैसे होगा। पृथ्वी के सारे राजा आए, कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाया। लगता है यह धरा वीरों से खाली हो गई है। जनक के वचन सुनकर लक्ष्मण जी को क्रोध आ गया। गुस्से में कहा कि जिस सभा में रघुवंश के पुत्र बैठे हो वहां ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए। विदेह की सारी धरा सहित इस धनुष को पल भर में खंड-खंड कर दूंगा। तब राम जी ने लक्ष्मण जी को शांत रहने का इशारा कर अपने पास बैठा लिया। गुरु वशिष्ठ का इशारा पाकर भगवान राम सिंहासन से उठे और धुनष की ओर बढ़े। भगवान राम ने एक ही झटके में धुनष उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ा दी और धुनष तोड़ दिया। कथा में इस प्रसंग की छंदो और गीतों से वर्णन किया। इसमें झुक जैयो सरकार, किशोरी हमारी छोटी है... भजन गया। इसके बाद सीता जी ने वरमाला राम जी के गले में डाल दी। इस अवसर पर समाजसेवी दीपू जैसनसरिया की ओर से गौशाला में 5 लाख 1 हजार रुपये का सहयोग देने पर जड़ाव देवी पत्नी विजय कुमार ईसवाल का आभार प्रकट करते हुए उनका कथा आयोजकों की ओर से सम्मान किया गया।

## सोशल मीडिया पर पोस्ट से मचा सियासी हड़कम्प!

# ट्रांसफर से दुखी विद्युतकर्मी ने दी जीवन लीला समाप्त करने की चेतावनी!

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्रामीण क्षेत्र के एक विद्युत विभाग के कर्मचारी की सोशल मीडिया पर लगाई गई पोस्ट से सुजानगढ़ के राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब उसने लिखा कि मेरी ओर से सही काम करने के ईनाम स्वरूप एक भाजपा नेता के दबाव में आकर ट्रांसफर कर दिया गया है। कर्मचारी ने पोस्ट में यहां तक लिखा कि अगर मुझे कुछ होता है या मैं जीवन को खत्म करने सम्बंधी कोई कदम उठाता हूं, तो उसका जिम्मेदार एक ग्रामीण व्यक्ति (विद्युत उपभोक्ता) और सुजानगढ़ से चुनाव लड़ चुकी विधायक प्रत्याशी संतोष मेघवाल होंगे। एक दिन पहले सोशल मीडिया पर जब ये पोस्ट आई, तो राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैल गई, लोग एक दूसरे को स्क्रीन शॉट लेकर भेजने लगे। रायता फैला तो विभाग के कर्मचारियों ने पीड़ित कर्मचारी की सुनवाई की और मामले को यहीं खत्म करने के लिए राजी किया गया। उसके बाद पीड़ित कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट को हाईड कर लिया। इस दौरान जिन पत्रकारों ने विद्युत निगम के कार्यालय में जाकर पीड़ित कर्मचारी के वीडियो बाईट लिए, उन पर भी कर्मचारी की ओर से दबाव बनाने का प्रयास किया गया कि, आपको न्यूज किसी भी हालत में नहीं लगानी है। बाद में कर्मचारी ने फोन पर बताया कि मेरा संतोष मेघवाल से राजीनामा हो चुका है और मेरा ट्रांसफर ऑर्डर भी केंसिल हो जाएगा, इसलिए न्यूज नहीं लगानी है। बार-बार मीडियाकर्मियों को प्रेशर में लेकर खबर को दबाने के प्रयास किए गए। दरअसल बालेरां गांव में एक व्यक्ति घर के बिजली बिल से जुड़ा ये पूरा मामला था, जिसको लेकर सामने आया कि ऑन स्पोट बिलिंग के चलते मौके पर रीडिंग लेकर बिल बनाए जा रहे हैं। एक व्यक्ति का बिजली बिल ज्यादा आने पर उसने कथित रूप से भाजपा नेता से शिकायत की और उनकी शिकायत पर कर्मचारी को डूंगर बालाजी लगाया गया। कर्मचारी परेशान हुआ, क्योंकि उसे सच्चाई की सजा मिल रही थी। उसने आनन फानन में सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली और बाद में हटाई और फिर दूसरे दिन सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल से माफी भी मांग ली। पूरे प्रकरण से राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होनी लगी हैं और लोग दबी जुबान से कहने लगे हैं कि कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जाता है। इस बारे में विधायक का चुनाव लड़ चुकी संतोध मेघवाल ने बताया कि पोस्ट का जिक्र मेरे पास आया था, सम्बंधित कर्मचारी ने किसके कहने से पोस्ट लगाई या किसी के बहकावे में आकर ऐसा किया, ये तो जांच का विषय है, लेकिन अब उसने माफी भी मांग ली है। ट्रांसफर किसी के कहने से नहीं होते, ये तो सरकारी सेवा का अनिवार्य हिस्सा होते हैं।

# *सरदारशहर में राजकीय उपजिला अस्पताल की घोषणा पर खुशी की लहर*

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान भाजपा सरकार के बजट में सरदारशहर पंडित भंवरलाल शर्मा उपजिला अस्पताल की बजट में घोषणा होने पर क्षेत्र में खुशी छा गई। बजट में क्षेत्र के विकास कार्यों की घोषणा के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी के नेतृत्व में गांधी चौक पर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी ने बताया कि विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा की अनुशंसा पर राजस्थान सरकार की ओर से पंडित भंवरलाल शर्मा उपजिला अस्पताल के लिए बजट की घोषणा की गई हैं। क्षेत्र में अस्पताल की बड़ी मांग को देखते हुए विधायक अनिल शर्मा की ओर से सरकार से अनुशंसा की गई थी। जिस पर बजट में राजस्थान सरकार की ओर से यह बजट पास किया गया है। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित पूरे क्षेत्र में खुशी है। वहीं करोड़ों रुपए सड़कों के लिए व नए जीएसएस के लिए बजट में घोषणा की गई है जो विधायक अनिल शर्मा की ओर से प्रयास किए गए जो सफल हुए हैं और क्षेत्र के लोगों को इनका लाभ मिलेगा। नगर अध्यक्ष महावीर माली ने कहा कि उपजिला अस्पताल की जमीन अशोक गहलोत सरकार की ओर से चिन्हित की गई थी। विधायक अनिल शर्मा की अनुशंसा पर राजस्थान सरकार की ओर से अस्पताल के निर्माण को लेकर बजट की घोषणा की गई है जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से गांधी चौक पर स्वर्गीय विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा अमर रहे व विधायक अनिल शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खुशी का जश्न मनाकर खुशी का इजहार किया है। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी, नगर अध्यक्ष महावीर माली, नगर परिषद में उप नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश नाई, पार्षद ताराचंद सैनी, अशोक मेहरा, लाल बहादुर सेवदा, मदन सिंह निर्माण, अर्जुन बागड़ी, पहलाद राय पांडिया, प्रमेश्वरलाल दूबे, शांतिलाल नाहटा, बालचंद सेवदा, उत्तमचंद पारीक, अर्जुनलाल बागड़ी, नवाब खान ठेकेदार, फारूक ज्यान मोहम्मद, राम अवतार नौहाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

# चूरू शहर में 6 जीवीपी पोईंट पर करवाई पेंटिंग




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार चूरू शहर को सुंदर बनाने की दिशा में चूरू नगरपरिषद की ओर से शहर के 06 जीवीपी पोईंट्स पर पेंटिंग करवाई गई है। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि शहर में नटराज होटल के सामने, पारख बालिका स्कूल, ब्रहमकुमारी आश्रम, राम मन्दिर के सामने, जैन श्वेताम्बर स्कूल के पास, स्टेशन रोड़ पर स्टाईलो टेलर के सामने कुल 6 जीवीपी पॉइंट्स पर पेंटिंग करवाई गई है। उन्होंने बताया कि 2 येलो स्पोट क्रमशः विशाल मेगा मार्ट के सामने, राम मन्दिर के सामने, 3 रेड स्पोट क्रमशः भरतीया अस्पताल व आंखों के अस्पताल की दीवार (02 साईड) आदि स्थानों पर साफ-सफाई करवाकर वॉल पेन्टिग करवाई गई है तथा येलो स्पोट के 01 स्थान पर वॉल पेन्टिग करवाकर शीशे के टुकड़े लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त नगरपरिषद चूरू की ओर से शहर से हटाए गए जीवीपी पोइंट, येलो व रेड स्पोट कचरा/पेशाब कर गन्दगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान जारी कर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक व सफाई टीम की ओर से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# बावल बने तेलंगाना अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने दक्षिण भारत मे संगठन विस्तार के तहत तेलंगाना अब्दुल्लापुरपेट हैदराबाद के बाबूलाल बावल को प्रदेश अध्यक्ष पर नियुक्त किया है। बावल मूलतः ब्यावर जिले के बर तहसील के रहने वाले हैं। गत दिनों पोसवाल के तेलंगाना दौरे पर वहाँ के प्रवासियों से चर्चा की थी। पोसवाल ने पत्र में बावल को हर विचारधारा ओर क्षेत्र के लोगो को संगठन में जोड़ने के निर्देश दिए है।

# कृत्रिम हाथ, पांव व कैलिपर्स शिविर का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मानव सेवा संस्थान लुहारा गाड़ा में मानव सेवा संस्थान व महावीर सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पांव कैलिपर्स शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 22 फरवरी तक चलेगा। शिविर में निःशक्तजनों को निशुल्क कृत्रिम हाथ, पांव व पोलियो ग्रस्त को कैलीपर्स प्रदान किए जाएंगे। शिविर का उद्घाटन पुखराज चौरडिया धर्मपत्नी स्वर्गीय रणजीत सिंह चोरड़िया के कर कमलो से फीता काट कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में विजय सिंह चौरडिया, माणकचंद सर्राफ, गजानन्द जांगिड़, कपिल देव माटा, पुखराज चौरडिया, सुनिता देवी चौरडिया, कंवरी देवी चोरडिया, रिषि व संजय चोरडिया उपस्थित रहे। महावीर सेवा सदन के अध्यक्ष विजय सिंह चौरडिया ने बताया कि गांवो से दूर-दूर से दिव्यांग व्यक्ति उपचार के लिए आ रहे हैं। समन्वयक माणकचंद सर्राफ ने बताया कि शिविर का मुख्य कार्यक्रम गुरुवार को होगा। कार्यक्रम में चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा आएंगे और दिव्यांग व्यक्तियों को अंग वितरण करेंगे। शिविर प्रभारी कपिल देव माटा ने बताया कि शिविर में पहले दिन 40 दिव्यांग भाई बहनों का उपचार हुआ है।

# महिला का हार चोरी करने वाली 2 महिलाए गंगानगर से गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** पुलिस ने बुधवार को थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सोने का हार चोरी करने वाली दो महिला चोरों को गंगानगर से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 17 फरवरी को सरदारशहर के सिगड़ी निवासी बबीता पत्नी ताराचंद जाट ने मामला दर्ज करवाया था कि मैं अपने गांव से मीतासर मामा की लड़कियों की शादी में जाने के लिए सरदारशहर आई थी। सरदारशहर कच्चा बस स्टैंड पर उतरकर ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन जा रही थी। तभी कच्चा बस स्टैंड के पास ऑटो में दो महिलाएं आकर मेरे पास बैठ गई जो आपस में बातचीत करने लगी। थोड़ी देर बाद वह उतर गई और उसके बाद मैंने गले में पहना हुआ सोने का हार संभाला तो वह नहीं मिला। मेरे हार को उक्त दोनों महिलाएं चोरी कर ले गई। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच एएसआई प्रदीप कुमार ने थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गंगानगर निवासी 23 वर्षीय संजू बावरी पत्नी संजय बावरी ओर 21 वर्षीय सपना पत्नी सनी बावरी को गंगानगर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं के पास से चोरी किए गए हार को भी बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपये है। पुलिस की कार्रवाई में एएसआई प्रदीप कुमार, कांस्टेबल ममता, जयसिंह, राजेंद्रसिंह की विशेष भूमिका रही।

## बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने बताया ढकोसला

# भाजपा ने बजट को बताया एतिहासिक, करेगा युवाओं के सपने साकार, कांग्रेस ने बताया जनता के साथ छलावा

## कई क्षेत्रों-गांवों में राहत की घोषणाए, मूलभूत सुविधाओं पर दिया ध्यान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने राजस्थान सरकार के बजट को तारानगर विधानसभा के लिए शानदार और ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ की अनुशंसा पर तारानगर विधानसभा को शानदार सौगातें मिली है शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, ऊर्जा, पेयजल व सड़क क्षेत्र में तारानगर विधानसभा को करोड़ों की सोगात मिली है। जांगिड़ ने बताया कि विधानसभा वासियों की मांग अनुसार पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ साहब को विभिन्न मांगे बजट घोषणा में शामिल कराने के लिए मांग की थी जिनकी अधिकतर घोषणा हो चुकी है। पेयजल व्यवस्था के सुथार के लिए 9 नई टंकी और पाइप लाइन- खरतवासिया, अलायला, देवगढ़, कालवास, सेऊवा, ढाणी कुम्हारान (राजगढ़), पंडरेऊ ताल, ढाणी चुनाराम (बुचावास) नेठवा के लिए घोषणा हुई है। इसके अलावा शहरी पेयजल व्यवस्था सुधार व पम्प सेट के लिए करोड़ों रूपए की अलग से स्वीकृति मिली है। नेठवा में नवीन बिजलीघर निर्माण के लिए घोषणा हुई है जिससे क्षेत्र में विद्युत भार कम होगा और बिजली व्यवस्था सुदृढ़ होगी। सडक निर्माण-30 करोड़ रूपए, बांय में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुआ है जिसकी मांग काफी समय से हो रही थी। सीएचसी निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। सडक ढांचा को मजबूत करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र को 30 करोड़ रूपए का अलग से बजट मिला है। नवीन पशु चिकित्सालय हडियाल में स्वीकृत हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि 9000 रूपए करना, 150 यूनिट मुफ्त बिजली, मुफ्त सोलर प्लेट, सड़क/पुल/एक्सप्रेस निर्माण, मुख्यमंत्री आरोग्य मां योजना, बुजुर्ग/विधवा पेंशन 1250 रूपये,1.25 लाख नयी भर्ती, लखपति दीदी योजना, 2 लाख निशुल्क पट्टा वितरण, मुख्यमंत्री आरोग्य मां योजना जिसके तहत राजस्थान के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी मुफ्त इलाज मिलसमेत अनेक घोषणाएं जिनसे क्षेत्रवासियों को सीधा फायदा मिलेगा। जांगिड़ ने शानदार और ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई। जांगिड़ ने कहा कि अन्य जरूरी मांगे मुख्यमंत्री के बजट रिप्लाई भाषण में स्वीकृत होने की पूरी उम्मीद है।



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता व वरिष्ठ पार्षद सपना शर्मा ने बजट प्रस्ताव पर अपनी प्रति क्रिया में कहा कि विकसित राजस्थान की दिशा में जो कदम बढ़ाए जा रहे हैं, उसमें यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। सपना शर्मा ने कहा कि केंद्र के बजट से राजस्थान को बहुत कुछ मिला था। केंद्र के बजट में ग्रीन को लेकर खास बात कही थी। उसी दिशा में राज्य सरकार ने भी ग्रीन बजट पेश किया है। सपना शर्मा ने कहा कि हमारे पर्यावरण का ध्यान रखना, संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। इस बजट के जरिए भजन लाल सरकार भी कोशिश करी है कि प्रदेश के पर्यावरण को संरक्षित करें। भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा ने कहा की बजट में ठोस कदम उठाया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, पेयजल समेत हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की है ।यह सब घोषणाएं धरातल पर उतरे, उसका भी ख्याल रखा गया है। इस बजट के जरिए महिलाओं, किसान, युवा, उद्यमी सबको कुछ न कुछ देने की कोशिश की गई है।



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निस)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल दूकिया ने राजस्थान बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 1.25 लाख सरकारी भर्तियों की घोषणा की है, जिससे बेरोजगार युवाओं को राहत मिलेगी। उन्होंने भजनलाल सरकार की तारीफ सराहना की है। भर्तियों से युवाओं को राहत और रोजगार मिलेगा। इस घोषणा के बाद भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा खुश हैं। दूकिया ने कहा कि बजट घोषणा में सरकार ने युवाओं के लिए जो घोषणा की है, वह बहुत अच्छी है. एक साल में 1 लाख 25 हजार पदों पर सरकारी भर्तियां होने से बेरोजगार युवाओं को फायदा होगा। दूकिया ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राजस्थान के कल्याण के लिए है. यह विकास की नई गति और दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान को कई सौगातें मिली है। पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से बड़ा कदम उठाया गया है।



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा बजट सत्र 2025 पर मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि इस 'बजट से हर वर्ग नाखुश है, खासकर किसान, मध्यम वर्ग और युवाओं के बीच बजट से निराशा है, बजट में भविष्य के लिए कोई खास प्लान देखने को नहीं मिला। चौधरी ने बताया कि पिछले बजट में की घोषणाएं अधूरी पड़ी है, बाड़मेर में 48 करोड़ की लागत से सड़कों की घोषणा की गई जो कार्य पूरा अधूरा पड़ा है। पेट्रोजोन बालोतरा 3000 हेक्टेयर में बनना था जिसका अभी तक यह कार्य अधूरा है। इसी तरह प्रदेश के कॉलेजों व विधालयों में रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए भर्तियां की जानी चाहिए थी, जो उसके अनुपात में नहीं मिली। इस बजट में बिजली, सड़क, पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतों से सरकार का ध्यान दूर रहा। चौधरी ने बताया कि मरुस्थलीय इलाकों में पेयजल और ग्रामीण विकास के लिए कोई कोई ठोस योजना का उल्लेख नहीं है। इन मुद्दों पर केवल सांकेतिक बातें की गई हैं, जो जनता की उम्मीदों और आवश्यकताओं से बहुत दूर हैं। हरीश चौधरी ने बताया कि पिछले बजट में मुख्यमंत्री ने 50% घोषणाएं पूरी करने का दावा किया था और इस साल कह रहे हैं कि 58% घोषणाएं पूरी की हैं, इसका मतलब है कि पूरे साल में केवल 8% घोषणाएं ही पूरी हुईं हैं। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी परियोजना को 31 दिसंबर 2024 तक इसका उत्पादन शुरू होना था, लेकिन अब इसे अगस्त 2025 तक टाल दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की सुस्ती और निर्णय लेने में देरी के कारण इस परियोजना की लागत 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये हो गई है। इस तरह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में हर साल 15% वृद्धि का प्रावधान किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इस नियम का पालन नहीं किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पेंशन को 1322 रुपये तक बढ़ाया जाना चाहिए था, लेकिन इसे केवल 1250 रुपये किया गया, जो कि अन्यायपूर्ण और जनता के साथ छलावा है।



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने राज्य बजट 2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने वाला व सभी वर्गों के चंहुमुखी विकास करने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है। महर्षि ने कहा कि राज्य की बजट घोषणा में 150 यूनिट फ्री बिजली, किसान सम्मान निधी की राशि बढाकर 9 हजार रुपए प्रतिवर्ष, कमजोर आय वर्ग के बुजुर्गों व विधवाओं की पेंशन 1250 रुपए, 2 लाख घरों में नए पानी के कनेक्शन, आगामी एक वर्ष में एक लाख पच्चीस हजार नौकरीयां, 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना व पेयजल आपूर्ति को मजबूत बनाने के लिए 1500 हेडपंप व 1000 ट्यूबवेल स्वीकृत करने सहित राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। महर्षि ने कहा कि राज्य बजट मजदूर, किसान, युवा, महिला, वंचित सहित सभी वर्गों को राहत प्रदान करने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से पारित राज्य बजट-2025 अग्रणी राजस्थान बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** प्रदेश सरकार की वित मंत्री दीया कुमारी की ओर से पेश किए गए बजट को भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने काफी अच्छा बजट बताते हुए कहा है कि बीदासर में कृषि मंडी, सारोठिया व मलसीसर के सब सेंटर क्रमोन्नत किए गए हैं। इसी प्रकार उड़वाला लुहारा सड़क काफी सालों से बाकी थी, उसे भी स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार बाड़ा में टंकी व पानी की पाईप लाईन स्वीकृत की गई है, जो काफी अच्छा कदम है। विधानसभा चुनाव की प्रत्याशी रह चुकी भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने बताया कि लुहारा में जीएसएस स्वीकृत किया गया है जो काफी अच्छा कदम है। संतोष मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित मंत्री दीया कुमारी का आभार प्रकट किया है। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से विधायक मनोज मेघवाल ने कहा है कि आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा घाटे का बजट पेश किया गया है। बहुत सी ऐसी घोषणाएं करने का दिखावा किया गया है, जो पहले से ही कांग्रेस के कार्यकाल में हो चुकी थीं। पूर्व में स्वीकृत कार्यों को दुबारा दोहराना बजट की सबसे बड़ी कमजोरी है। कांग्रेस सरकार में कई काम टेंडर प्रक्रिया में थे, उनको रोककर अब बजट में घोषित किया गया है, जिससे यह बजट जनता के साथ छलावा लगता है। इसी प्रकार कुछ काम सुजानगढ़ में हुए हैं, जो पिछले दो सालों से लगातार सरकार के समक्ष रखे जा रहे थे। सब जेल, ऑडिटोरियम की मांग को अनदेखा किया गया है, जो निराशाजनक है। वहीं साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि राजस्थानी भाषा की मान्यता राजस्थानी को राज भाषा नहीं बनाने से यह बजट मुझे फीका लगा। जिनको अपनी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति से कोई सरोकार नहीं, तो वो ऐसे बजट से क्या विकास कर पायेंगे? क्या केवल भौतिक प्रगति ही विकास हैं? इन सबसे आगे बढ़कर भी बजट प्रस्तोताओं को सोचने की जरूरत हैं।



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान(निस)।** राजस्थान सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं में राजाखेड़ा को बड़ी सौगातें मिली है जिस पर भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी का धन्यवाद दिया है। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में राजाखेड़ा क्षेत्र के लिए जो मांगे रखी गई थीं उन्हें वित्त मंत्री दिया कुमारी ने प्राथमिकता दी है जिनमें बुधवार को जारी किए बजट में घोषणा करते हुए बताया कि राजाखेड़ा में कृषि उपज मंडी की मांग पिछले लंबे समय से चली आ रही थी जिसको आज बजट में सौगात के रूप में दिया है, साथ ही क्षेत्र में धार्मिक स्थल के रूप में माता रहना वाली मंदिर एवं माता लाठ वाली मंदिर है जो हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है जिसको सरकार ने दृष्टिगत रखते हुए जीर्णोद्धार के लिए बजट दिया है इसके साथ ही बजट घोषणाओं में राजाखेड़ा क्षेत्र के जारह गांव में 33 केवी सबस्टेशन की सौगात दी है। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी को इस सौगात के लिए धन्यवाद दिया है साथ ही बताया है कि सरकार द्वारा जारी किया गया बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं, वृद्धजनों एवं मध्यम वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए जारी किया है साथ ही जारी हुए बजट में धौलपुर में शिक्षा पर जोर देते हुए पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिविल ब्रांच बढ़ाने के लिए भी बजट में मंजूरी दी है साथ ही प्रदेश के कई राजकीय विद्यालय भी क्रमोन्नत किए गए है जिससे छात्रों को शिक्षा अच्छे स्तर से मिल सकेगी। सरकार द्वारा बजट घोषणा में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दूध,किसान सम्मान निधि को 9000 रुपए करने के साथ वृद्धावस्था पेंशन पर भी बजट पारित किया है।



जयपुर टाइम्स

**(निस)**राजस्थान की भजन लाल सरकार ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट आज विधनसभा में पेश किया। यह बजट प्रदेश के हर वर्ग को निराश करने वाला है। कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन की प्रमुख मांग की अनदेखी की वहीं किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी व दिन में प्रयाप्त बिजली सप्लाई व मध्यम वर्ग को कमर तोड़ महंगाई से राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुल मिलाकर अभी पिछले बजट की घोषणाओं की क्रियान्वती नहीं हुई है। एवं एक बार फिर इस बजट में कागजी घोषणाएं करके अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

**भंवर अली खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कुचामन सिटी**



**(निस)**बजट में लीपा पोती के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा ने आमजन को कुछ भी नहीं दिया। दूरदर्शिता वाला बजट नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का ध्यान रखा है। यह चूरू की जनता के साथ धोखा है।

**रेहाना रियाज, पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग**



जयपुर टाइम्स

**(निस)**जनता की अपेक्षाओं और उम्मीदों के विपरीत राज्य का बजट। यह राज्य सरकार का दूसरा पूर्ण बजट है परंतु यह अफसोसजनक है कि राज्य सरकार जमीनी मुद्दों और लोगों की जरूरतों को समझने में असफल रही है। कृषि एवं कृषकों के हित को पूरी तरह नजरंदाज किया गया। अपने संकल्प पत्र में MSP पर बाजरे की खरीद और इसके प्रमोशन को लेकर भाजपा ने वादा किया था,जो इस बजट में पूर्ण रूप से नदारद रहा। फसल की खरीद,खराबे एवं प्रोत्साहन के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। पिछले वर्ष की बजट घोषणाओं में से अधिकतर वादे पूरे नहीं हुए हैं। लघु-मध्यम उद्यमियों,महिलाओं, श्रमिकों, गरीबों,वंचितों एवं पिछड़ों को संबल देने,सड़कों के विस्तार व नवनिर्माण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिकोण से यह बजट सरकार की उदासीनता को दर्शा रहा है।

**गिरधारी महला टीम महेंद्र चौधरी के कांग्रेश आईटी सेल कोडिनेटर**



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के विधायक कुलदीप धनकड़ ने राजस्थान सरकार के द्वारा जारी बजट को सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बताया है। उन्होंने कहा कि आज का बजट युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति के साथ सभी वर्गों और सभी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाला है। खासकर यह बजट राज्य के चौमुखी विकास पर ध्यान देते हुए अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है।



जयपुर टाइम्स

**(निस)**चूरू विधानसभा क्षेत्र को पूरी तरह से नजर अंदाज किया है, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि क्षेत्रीय विकास के प्रति सरकार की उदासीनता को भी दर्शाता है। चूरू जो वर्षों से पेयजल संकट, कृषि सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं और अधूरी विकास योजनाओं से जूझ रहा है, उसे बजट में कोई स्थान नहीं मिला, जबकि चूरु जिले में सिर्फ चूरु विधानसभा क्षेत्र की एकमात्र सीट भाजपा के खाते में आई थी। विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक राजेन्द्र राठौड़ और वर्तमान विधायक हरलाल सहारण ने अपने भाषण में कहा था, कि चूरु को पहले बजट में 100 करोड़ का बजट दिलवाएँगे। अब दूसरे बजट की भी तस्वीर साफ हो गई है। बड़े- बड़े मिनी सचिवालय बनाने के वादे भी धरे रह गए। ऐसे झूठे वादे करके और जनता के साथ छलावा करके एक बार सत्ता पर काबिज हुआ जा सकता है लेकिन चूरु की जनता इस धोखे का जवाब आगामी नगरनिकाय व पंचायतीराज चुनाव में देगी।

**पायल सैनी निवर्तमान सभापति नगर परिषद, चूरू**

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आमजन हितार्थ बजट पेश किया जो एक ऐतिहासिक बजट है इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए आमजन के हित में बजट पेश किया है।

**पवन मारू पूर्व अध्यक्ष युवा मार्च, राजलदेसर**

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आमजन हितार्थ बजट पेश किया जिसमें किसान युवा विद्यार्थी बुजुर्ग महिलाओं का ख्याल रखा है। मुफ्त बिजली यूनिट 100 से 150 करने पर आमजन में खुशी है।

**एडवोकेट रोहित मारू राजलदेसर**

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री व वित मंत्री दिया कुमारी ने शानदार बजट रखा। बजट में किसानों, युवाओं, विधार्थियों, बुर्जुगो और बेरोजगारों के हितों का ध्यान रखा है।

**गोपाल मारू पूर्व चेयरमैन राजलदेसर**



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा के पार्षद संदीप परिहार ने बजट आम आदमी का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के 9 हजार रुपए सालाना कर दिए हैं। मंडावा को भी ग्रीन सिटी बनाने का प्रावधान किया गया है जिससे साफ सफाई और हैरिटेज को बढ़ावा मिलेगा टूरिस्ट हब स्थापित होगा। परिहर ने वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

**जयपुर(कास)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने राज्य सरकार के बजट-2025 पर प्रतिक्रया देते हुए इसे विकासोन्मुखी और समावेशी विकास का आधार बताते हुए ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में यह बजट बड़ा कदम साबित होगा। गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों को देय पेंशन को बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रतिमाह किए जाने का स्वागत किया। उन्होने स्वयंसिद्धा आश्रमों का दायरा बढ़ाकर 10 जिलों में 50 बेड क्षमता के आश्रम विकसित करने, एक लाख दिव्यांगजनों को 20 हजार रुपये तक के कृत्रिम अंग और उपकरणों के लिए 150 करोड़ रुपये का व्यय करने, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के लिए दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना' को भी समाज के लिए अभूतपूर्व योजना बताया। गहलोत ने राजकीय, अनुदानित, निजी जनसहभागिता योजनान्तर्गत वंचित वर्गों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का मैस भत्ता बढ़ाकर 3 हजार 250 (तीन हजार दो सौ पचास) रुपये प्रति आवासी प्रतिमाह करने का भी स्वागत किया। गहलोत ने कहा कि बजट में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, उद्योग, कृषि, आधारभूत ढांचे, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो न केवल प्रदेश के विकास को गति देंगी, बल्कि विकसित राजस्थान के हमारे संकल्प को भी साकार करेंगी। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास के बेहतर समन्वय की सोच के साथ लाया गया यह बजट जन उम्मीदों को पूरा करने वाला है।

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री**

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।